हरिभूमि
# रायपुर भूमि

शरारती तत्व ने विक्रम राजगुरु आउट लुक डॉट काम के मेल आईडी से राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर कोर्ट को उड़ाने की दी थी धमकी





# कोर्ट को आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी

## रायपुर न्यायालय परिसर पहुंची बम स्कवाड की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के तीन जिले राजनांदगांव, दुर्ग तथा बिलासपुर के कोर्ट को आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल आने से हड़कंप मच गया। धमकी भरा मेल आने के बाद एहतियातन रायपुर जिला न्यायालय परिसर में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई। न्यायालय परिसर में बम स्कवाड की टीम भेजी गई। बम स्कवाड की टीम ने कोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की बारीकी से पड़ताल ▶▶| शेष पेज 13 पर



### कोर्ट परिसर में चर्चा का विषय रहा

*कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी चर्चा का विषय रही। परिसर में उपस्थित वकीलों ने कोर्ट को संवेदनशील जगह मानते हुए सभी एंट्री गेट में मेटल डिटेक्टर लगाए जाने की मांग* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### चारों गेट को पुलिस ने सुरक्षा घेरे में लिया

*कोर्ट परिसर दाखिल होने के लिए चार एंट्री गेट हैं, जिनमें शास्त्री चौक के पास तीन गेट जिसमें एक गेट न्यायाधीशों की आवाजाही के लिए लिए है। इसके साथ ही कलेक्टोरेट परिसर के रास्ते कोर्ट पहुंचने एक छोटा गेट अलग बना हुआ है। पुलिस ने उन सभी चारों गेट को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया। कोर्ट परिसर दाखिल होने वाले लोगों संदिग्ध लोगों के बैग की तलाशी लेने के साथ लोगों की बारीकी से पड़ताल की गई। इसके साथ ही लोगों से कोर्ट आने का कारण पूछा गया। बम स्कवाड की टीम द्वारा कोर्ट परिसर में किसी तरह का बम नहीं होने की घोषणा के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।*

## खबर संक्षेप

### साझेदार बनाने का का झांसा देकर लाखों की ठगी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक कपड़ा कारोबारी ने तीन ट्रांसपोर्ट कारोबारी के खिलाफ ट्रांसपोर्ट कारोबार में साझीदार बनाने का झांसा देकर 46 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शैलेंद्र नगर निवासी राजेश तलरेजा ने बलबीर सिंग सेंस, शबनम खान, नवनीत कौर के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि वह उन तीनों को पहले से जानता था। इस बात का फायदा उठाकर तीनों ने राजेश को ट्रांसपोर्ट कारोबार में मुनाफा मिलने का झांसा देकर अपना साझेदार बनाकर कारोबारी से रकम लेकर ठगी का शिकार बनाया।

### अमित बघेल के खिलाफ अपराध दर्ज

**रायपुर।** केंद्रीय जेल रायपुर में बंद छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ महाराष्ट्र के एक डॉक्टर ने देवेंद्र नगर थाना में धार्मिक भावना आहत करने के साथ वैमनस्यता फैलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



अमित बघेल के खिलाफ महाराष्ट्र, उल्हासनगर निवासी डा. हितेश सुनील सेचवाणी ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके पहले अमित बघेल के खिलाफ 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### गांजा तस्करी करते बिहार का युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिहार के एक युवक के कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का 5 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार बिहार, वीरगंज निवासी वैदेही कुमार सिंह के कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। पूछताछ करने पर वैदेही ने पुलिस को बताया है कि वह बाइक में बिहार से तस्करी कर गांजा बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने वैदेही को उरकुरा के पास बाइक में गांजा ले जाते गिरफ्तार किया है।

### युवक शराब के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 30 पौवा देशी शराब के साथ शराब बिक्री की रकम तीन हजार एक सौ रुपए जब्त की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मरीन ड्राइव, बीएसयूपी कालोनी देवारपारा में छापा मारकर संदीप नागरिया के कब्जे से शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार संदीप शराब दुकान बंद होने के बाद ज्यादा कीमत पर लोगों को शराब बेचता था।

### शराब तस्करी कर ले जाते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका थाने की पुलिस ने शराब तस्करी करने के आरोप में दो युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 70 पौवा देशी शराब जब्त की है। युवक स्कूटी में लोड कर शराब ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब तस्करी करने के आरोप में आकाश साहू तथा मनीष चौबे को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक अलग-अलग बैग में शराब भरकर एक स्कूटी में सवार होकर जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने स्कूटी रोक कर बैग की तलाशी ली, तो बैग में शराब मिली। दोनों युवक ढाबा तथा होटल में शराब खपाने का काम करते थे।

राजधानी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय फंड को तरसे, कुछ स्कूल निगम-स्कूल शिक्षा विभाग के फेर में उलझे

# आत्मानंद स्कूलों की ऐसी हालत...दो दर्जन पर 50 लाख का बिजली बिल बकाया, कई पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यदि आपके छात्र राजधानी रायपुर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, तो उन्हें अंधेरे और बगैर पंखे के पढ़ने आदत डलवा दीजिए। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जिले के आत्मानंद विद्यालयों के लाखों रुपए के बिजली बिल बकाया हैं। कई स्कूल तो ऐसे हैं, जहां पिछले 4-5 सालों से बिजली बिल का भुगतान ही नहीं हुआ है। इन स्कूलों में बिजली बिल की बकाया राशि 12 लाख तक पहुंच गई है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को मिलने वाले फंड में बीते शैक्षणिक सत्र से ही कटौती की जा रही है। प्रदान की जाने वाली राशि में नियमितता ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

- आरडी तिवारी स्कूल के 10 .78 लाख तथा शहीद स्मारक स्कूल के 12 .84 लाख बकाया
- बिजली विभाग भी रिमाइंडर भेजकर थका, प्राचार्यों ने कहा- स्टेशनरी के पैसे नहीं, बिजली बिल कहां से दें?



### नगर निगम व शिक्षा विभाग के फेर में उलझे

कई स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालय योजना में शामिल कर लिया गया है। यहां भी बिजली बिल के हजारों रुपए बकाया हैं। बिजली बिल के बकायदार स्कूलों की सूची में एक श्रेणी ऐसे विद्यालयों की भी है, जो पहले नगर निगम के अधीन थी। इन्हें बाद ▶▶| शेष पेज 13 पर

### फीस लेने की मांग

प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में छात्रों से शाला विकास शुल्क लिया जाता है। सामान्यतः यह 50 रुपए से 200 रुपए के भीतर होता है। वर्ष में एक बार यह राशि छात्रों द्वारा दी जाती है। इस राशि से विद्यालयों की स्टेशनरी, बिजली बिल सहित अन्य खर्चे निकाले जाते हैं। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों से यह राशि भी नहीं ली जाती है। इस कारण उनके पास शाला विकास के लिए कुछ भी राशि नहीं होती है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### जानकारी मंगाएंगे

आमापारा स्थित पंडित रामदयाल तिवारी आत्मानंद विद्यालय के बिजली बिल भुगतान संबंधी जानकारी संबंधित स्कूल से मंगाएंगे। विद्युत बिल भुगतान संबंधित अवधि में यदि नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है तो छात्र हित में बिजल बिल के भुगतान की व्यवस्था की जाएगी।

**-मीनल चौबे, महापौर,** रायपुर नगर निगम

### पैसे की मांग

लोक शिक्षण संचालनालय को खत लिखकर पैसे की मांग की है। कुछ स्कूलों के ही बिल बकाया हैं।

**-हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### किन स्कूलों का, कब से, कितना बकाया?

1. शहीद स्मारक विद्यालय, फाफाडीह - 12 लाख 84 हजार, 51 माह
2. आरडी तिवारी विद्यालय, आमापारा - 10 लाख 78 हजार, 47 माह
3. निवेदिता स्कूल, गुरुनानक चौक - 4 लाख 87 हजार, 41 माह
4. मायाराम सुरजर शासकीय विद्यालय, चौबे कालोनी - 3 लाख 98 हजार, 23 माह
5. शशिबाला शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, गुढ़ियारी - 2 लाख 61 हजार
6. पीएमश्री विद्यालय, खोरपा, अभनपुर - 2 लाख 32 हजार, 23 माह
7. पीएमश्री विद्यालय, कुरां - 1 लाख 83 हजार, 22 माह
8. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, माना कैंप - 1 लाख 78 हजार, 19 माह
9. दानी गर्ल्स स्कूल - 1 लाख 25 हजार, 4 माह
10. बिन्नीबाई सोनकर विद्यालय, भाठागांव - ▶▶| शेष पेज 13 पर

# उत्तर से आ रही ठंडी शुष्क हवा 2 डिग्री गिराएगी पारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर के बाद जनवरी भी ठिठुरन भरी होगी। मकर संक्रांति के पहले सर्द रातों से राहत मिलने की अधिक संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवा के आगमन के कारण अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक कमी हो सकती है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 24 से 48 घंटे बाद ठंड में हल्की राहत मिल सकती है, लेकिन हालातों को देखते हुए यह राहत भी विशेष उल्लेखनीय नहीं होगी। अगले दो दिनों तक उत्तरी और मध्य छग के एक-दो इलाकों में शीतलहर की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। इसके पूर्व गुरुवार को सरगुजा व दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों के एक-दो पॉकेट में शीतलहर चली। फिलहाल पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क ही रहेगा।

### राजधानी में धुंध

प्रदेश में सर्वाधिक तापमान दुर्ग जिले में रहा। यहां 28.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 3.5 डिग्री रहा। हाड़ कंपाने वाली ठंड को देखते हुए यहां पहले ही विद्यालय का समय बदला जा चुका है। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक 27.7 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री कम 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। माना में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री रहा। राजधानी में आज धुंध छाए रहने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है।

# अब ट्रेन का इंतजार नहीं होगा थकाऊ

## रायपुर स्टेशन पर शुरू हुआ 'स्वस्थ वेटिंग लाउंज' फिटनेस, फूड और आराम एक साथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में रायपुर स्टेशन पर पहली बार स्वस्थ वेटिंग लाउंज की सुविधा यात्रियों को गुरुवार से मिलनी शुरू हो चुकी है। भारतीय रेलवे में नई, अभिनव गैर-किराया राजस्व विचार योजना के तहत इसकी प्लानिंग की गई है। खास बात यह रही कि रेलवे ने इस सुविधा का शुभारंभ रायपुर से बड़ोदरा जा रहे यात्री चंद्रकांत बलावंत और रायपुर से उज्जैन जा रही दो लड़कियों ओजस्वी व आरुषि से कराया। स्वस्थ वेटिंग लाउंज शुरू होने से यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार करते समय आरामदायक सुविधा मिलेगी, जिससे यात्री योगा मेडिटेशन, मिनी फिटनेस, आरामदायक सोफा, प्रीमियम रीक्लीनर मसाज सोफा, यात्रियों को शुल्क बेसिस पर एंबुलेंस की सुविधा, हेल्दी फूड जो कि मिलेट्स आधारित होंगे। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच यात्री कर सकेंगे।

### स्वस्थ वेटिंग लाउंज की सुविधा

यात्रियों की सुविधा के लिए बना स्वस्थ वेटिंग लाउंज में सभी तरह की सुविधा एक जगह मिलेगी। ऐसी सुविधा वाला जोन में रायपुर स्टेशन पहला है। आने वाले दिनों में सुविधाएं और भी बेहतर करेंगे, ताकि यात्रियों को लाभ मिले।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

### सुविधाएं उपलब्ध होने से यात्रियों का समय बचेगा

*स्वस्थ वेटिंग लाउंज में यात्रियों एक ही जगह पर विभिन्न सुविधाएं मिलेंगी। यहां यात्रियों को लाइट एक्सरसाइज इक्विपमेंट, मोबाइल लैपटॉप चार्जिंग की सुविधा, लाइव ट्रेन इनफॉरमेशन डिस्प्ले, फ्री हाई स्पीड वाय -फाई एक्सेस इत्यादि की सुविधा यात्रियों को मिलेगी। आरामदायक सीटें और शांत वातावरण यात्रियों को आराम करने, योगा या मेडिटेशन के लिए जगह होने से यात्री अपने मानसिक स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे । एक ही जगह पर कई सुविधाएं उपलब्ध होने से यात्रियों का समय बचेगा और वे अपने ट्रेन के इंतजार को अधिक आरामदायक बना सकते हैं।*

### 30 रुपए में एक घंटे की मिलेगी सुविधा

विभिन्न सुविधाओं के उपयोग के लिए यात्रियों से शुल्क लिया जाएगा। लाउंज में प्रवेश के लिए एक घंटे की अवधि के लिए 30 देने होंगे। दो घंटे की अवधि का 60, चार घंटे का 80 निर्धारित किया गया है। योग एवं ध्यान क्षेत्र के उपयोग के लिए 50/- प्रति 30 मिनट तथा फिटनेस कॉर्नर के उपयोग के लिए भी 50/- प्रति 30 मिनट शुल्क लिया जाएगा। हेल्दी रिफ्रेशमेंट की बिक्री रेलवे प्रशासन द्वारा अनुमोदित सूची के अनुसार की जाएगी, जो पूर्णतः एफएसएसएआई मानकों के अनुरूप होगी। इस अवसर पर रायपुर रेल मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉक्टर केपी काशीपथी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक, मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद सहित संबंधित आधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

शराब पीने के बाद झगड़ा

# अज्ञात बदमाशों ने युवक को चाकू मारकर मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात की है। आरोपियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। आरोपियों की पहचान करने पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। घटना स्थल के पास पुलिस को कुछ संदेहियों के सीसीटीवी फूटेज मिले हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि संदेही कौन लोग हैं।बदमाशों ने फाफाडीह, फोकटपारा निवासी अमर लोहरा (29) की चाकू मारकर हत्या की है।



- देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र की घटना, आरोपियों की अब तक पहचान नही

पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को पेट्रोलिंग टीम गश्त पर निकली थी। शराब भट्ठी के आगे पेट्रोलिंग टीम को रोड पर खून से लथपथ गंभीर रूप से घायल अमर औंधे मुंह लेटा मिला। अमर के पेट, हाथ तथा शरीर के कई हिस्सों में गहरे जख्म के निशान मिले। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर गई, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक पेशे से मजदूर है, शराब पीने का आदी है। पुलिस को आशंका है कि शराब पीने के दौरान अमर का किसी के साथ विवाद हुआ होगा। विवाद के चलते अज्ञात बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया होगा।

*एक ने नाली में कचरा डाला, दूसरे के यहां एसटीपी नहीं*

# नैवेद्य और गुजरात मिष्ठान पर निगम ने ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने जन शिकायत पर दो नमकीन खाद्य दुकानों में सफाई व्यवस्था की पड़ताल की। इस दौरान नैवेद्य फैक्ट्री द्वारा नगर निगम की नालियों में कचरा डाले जाने से नालियां जाम होने की जनशिकायत सही पाई गई। स्वास्थ्य अधिकारी ने फैक्ट्री संचालक पर तत्काल 10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए स्वच्छता व्यवस्था सुधारने निर्देश दिए।

इसी प्रकार जोन 4 क्षेत्र के गुजराती मिष्ठान भंडार के औचक निरीक्षण के दौरान एसटीपी नहीं मिलने पर डॉ. पाणिग्रही ने मिनी एसटीपी लगाए जाने नोटिस जारी कर निर्देश दिए। एसटीपी नहीं मिलने पर तत्काल 5 हजार रुपए ई जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम जोन 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र चंद्राकर, निगम मुख्यालय के स्वच्छता निरीक्षक गिरिजेश तिवारी की उपस्थिति रही।

### जनशिकायत पर सफाई की पड़ताल



### हॉटल में गंदगी, जुर्माना

नगर निगम जोन 10 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने हॉटल गुरूकृपा की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान हॉटल में गंदगी पाई गई। जन शिकायत सही मिलने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने हॉटल संचालक पर 2,500 रुपए का ई जुर्माना किया।

वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान बंद हुई हृदय की नसें, स्टेंट से "चिमनी" बनाकर बचाई जान

# कैल्शियम के कारण कठोर हो गया वाल्व दिल की पंपिंग क्षमता रह गई थी मात्र 20%

आंबेडकर अस्पताल का मामला, सांस फूलने की शिकायत लेकर पहुंची थी बुजुर्ग महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में हृदय की जटिल शल्यक्रिया की गई। रायपुर निवासी एक बुजुर्ग महिला लंबे समय से सांस फूलने एवं हार्ट फेलियर से पीड़ित थी। जांच में सामने आया कि उनका ऑर्टिक वाल्व पूरी तरह कैल्शियम से कठोर हो चुका था, जिसके कारण हृदय की पंपिंग क्षमता मात्र 20 प्रतिशत रह गई थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार इस अवस्था में ओपन हार्ट सर्जरी अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं लगभग



असंभव थी। बिना चीर-फाड़ के पैर की नस के माध्यम से वाल्व प्रत्यारोपण का निर्णय लिया गया।

मरीज की पैर की नसें पतली एवं कैल्शियम युक्त थीं, जिससे वाल्व डिलीवरी सिस्टम को हृदय तक पहुंचाना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। साथ ही, जन्मजात संरचनात्मक विसंगति के कारण हृदय की कोरोनरी धमनियां वाल्व के काफी समीप थीं, जिससे वाल्व प्रत्यारोपण के दौरान दोनों ▶▶| शेष पेज 13 पर

### स्टैंडबाई में रही ओपन हार्ट सर्जरी टीम

लगभग चार घंटे चली इस जटिल प्रक्रिया के पश्चात ऑपरेशन टेबल पर ही मरीज के ऑर्टिक वाल्व का प्रेशर 80 से घटकर शून्य हो गया और हृदय की पंपिंग क्षमता 20 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई। दोनों कोरोनरी धमनियों में रक्त प्रवाह सामान्य रहा तथा हृदय की धड़कन पूरी तरह स्थिर रही। प्रक्रिया के दौरान अनहोनी की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से ओपन हार्ट सर्जरी की टीम को स्टैंडबाई में रखा गया। इस दौरान हृदय ▶▶| शेष पेज 13 पर

### मरीज डिस्चार्ज

मरीज वर्तमान में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर डिस्चार्ज लेकर अपने घर जा चुकी है। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विवेक चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में कार्डियोलॉजी विभाग द्वारा 2600 से अधिक जटिल हृदय प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की गईं। अस्पताल अधीक्षक प्रो. डॉ. संतोष सोनकर ने इसके लिए कार्डियोलॉजी टीम को बधाई दी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष सहित कार्डियक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू, डॉ. शिवकुमार शर्मा, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. प्रतीक गुप्ता, डॉ. सौम्या, डॉ. वैभव एवं डॉ. प्रिंस इस ऑपरेशन का हिस्सा रहे।


ROTARY CLUB OF RAIPUR COSMOPOLITAN
Grand Opening Ceremony
AAPKA HUMARA SABKA
GK TMT
Presents
COSMO EXPO 2026
16th Edition
ISS BAAR AUR BHI
DHAMAKEDAAR
TODAY 7:30 PM
9th to 12th January 2026
Shriram BUSINESS PARK
Vidhan Sabha Road, Raipur
GUEST OF HONOUR
SHRI BRIJMOHAN AGRAWAL
MP, RAIPUR LOK SABHA
CHIEF GUEST
SHRI VISHNU DEO SAI
CHIEF MINISTER, CHHATTISGARH
SPECIAL GUEST
SMT. LAXMI RAJWADE
CABINET MINISTER - WOMEN & CHILD DEVELOPMENT, GOVT. OF C.G.
Today's Musical Performance by-
चिNHARi THE GIRL BAND
Kite FESTIVAL
11th JAN 26
DAILY LUCKY DRAW
9th TO 12th JAN 26
TAMBOLA
11th JAN 26
Witness the Launch of
COSMO VISION
Mobile Eye Clinic
By Hon'ble Chief Minister
Shri Vishnu Deo Sai
A Humanitarian Initiative of
Rotary Cosmopolitan
Marking Our Commitment for Service to The Society !
COSMO VISION
MOBILE EYE CLINIC
Rotary
• REAL ESTATE • ARCHITECTURE • INTERIORS • AUTOMOBILES • ELECTRONICS • BANKING
• EDUCATION • TECHNOLOGY • LIFESTYLE • FOOD & ENTERTAINMENT • GAME ZONE
IN ASSOCIATION WITH
CHAITANYA BUSINESS PARK
SRVs SOLAR
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
GOLD SPONSOR
PRA ALUSTIC
SKY TMT
MATS UNIVERSITY
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
SILVER PARTNER
सेल SAIL
SeQR TMT BARS
pnb
adani ACC
adani Ambuja Cement
ASSOCIATE SPONSOR
CHHATTISGARH HERBALS
Quality Forest Products
Chhattisgarh
Chhattisgarh Tourism Board
IDBI BANK
Bank Aisa Dost Jaisa
MEDIA PARTNER
ASA
ADVERTISING AGENCY
PIC PARTNER
Pic Xclusive
FOOD PARTNER
Raipur FOODIE Love
RADIO PARTNER
94.3 MY FM
jiyo dil se!

# फोरलेन बनी पर दो साल बाद भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी

## दर्जनों मौतें, सैकड़ों दुर्घटनाएं फिर शासन-प्रशासन ने किया समस्या का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

राजधानी रायपुर के विधानसभा चौक से नौनिहाल कौशल्या मंदिर तक का प्रमुख मार्ग आज भी घोर अंधेरे में डूबा हुआ है। इस सड़क को चार लेन में विकसित किए हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अब तक स्ट्रीट लाइटें लगाने की सुध किसी ने नहीं ली। रात ढलते ही यह व्यस्त मार्ग मौत का रास्ता बन जाता है, जहां दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंधेरे और सड़क की अव्यवस्था के कारण अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है और सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। फिर भी शासन और पीडब्ल्यूडी विभाग आंखें मूंदे बैठा है। तेज रफ्तार वाहन, भारी ट्रैफिक और रोशनी की कमी ने इस मार्ग को दुर्घटना संभावित 'ब्लैक स्पॉट' में बदल दिया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों चुनापत्थर खदानों के भारी वाहन राजधानी में प्रवेश करते हैं, जिससे सड़क पर लगातार दबाव बना रहता है। अंधेरे में इन भारी वाहनों का आम नागरिकों के वाहनों से आमना-सामना हादसों को खुला न्योता दे रहा है। यही नहीं, यह सड़क रायपुर के दर्जन भर से अधिक प्रमुख स्कूलों का मुख्य मार्ग है। प्रतिदिन हजारों स्कूली बसें, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक इसी रास्ते से गुजरते हैं। परीक्षा सीजन में यह मार्ग प्रदेश भर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए कई पेपर सेंटर्स तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता बन जाता है।



### प्रशासन की अनदेखी

इस गंभीर लापरवाही पर पिछले दो वर्षों से लगातार शिकायतें कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अनिल टंडन ने शासन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा, "यह सरकार नाम की कुछ और है, जान की कीमत कुछ और। दो साल से अर्जी लगा रहे हैं, दर्जनों मौतें और सैकड़ों दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, फिर भी शासन आंख मूंदे बैठा है। यह विकास नहीं, सीधी संवेदनहीनता है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने एकस्वर में मांग की है कि तत्काल स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं, दुर्घटना संभावित स्थलों को ब्लैक स्पॉट घोषित कर सुधार किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक ने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज

**आरंग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फरफौद में आज उत्साह का माहौल रहा, जब स्कूल के शिक्षक राकेश चंद्राकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों के साथ खुशियाँ बाँटीं। छत्तीसगढ़ शासन की 'न्योता भोज' योजना की भावना को साकार करते हुए शिक्षक ने स्कूल के सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया। बच्चों को संपूर्ण भोजन में चावल, दाल, आलू-चना सब्जी, बड़ा और मीठा परोसा गया, जिसे उन्होंने बड़े चाव से भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर शिक्षक ने कहा कि बच्चों की मुस्कान से बढ़कर और कोई उपहार नहीं होता। अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए इन बच्चों के साथ समय बिताना और उन्हें भोजन कराना आत्मिक संतुष्टि देता है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रफुल्ल मांझी एवं शाला परिवार के सदस्य लीलाधर पटेल, लीला पटेल, रंजना कन्नौजे, सरपंच व पंचगण तथा शाला विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### माता शाकंभरी प्रकट्य महोत्सव कल मनाएंगे

**अभनपुर।** मरार पटेल समाज अभनपुर राज के तत्वावधान में मां शाकम्भरी प्रकट्य महोत्सव के अवसर पर शाकम्भरी महोत्सव, शाकम्भरी प्रसादी स्वरूप सब्जी वितरण एवं बाइक रैली का आयोजन शनिवार 10 जनवरी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बस स्टैंड, अभनपुर में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू, अति विशिष्ट अतिथि में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू,पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे सहित पालिका पार्षद एवं क्षेत्र जनप्रिनिधि सहित विभिन्न राज के सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

## निधन

### लालाराम पाल

**सिलयारी।** समीपस्थ ग्राम कुथरेल (सिलयारी) निवासी वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक लालाराम पाल (83) का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को गृहग्राम कुथरेल में किया गया। अंतेष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोक संतप्त परिवार जन व आसपास गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे ललित पाल, शिक्षक संतोष पाल के पिता व माधो पाल, उधो पाल व बेनीराम पाल के भाई थे।

### महेंद्र धर दीवान

**रायपुर।** रोहिणीपुरम निवासी पं. रविवि से सेवानिवृत्त महेंद्रधर दीवान (कुकरा वाले) का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. श्यामधर दीवान के पुत्र और हर्ष, उल्हास, उमंग पुलकित, प्रसन्न धर दीवान के पिता एवं स्व. बसंत धर दीवान, संत धर दीवान, स्व. जितेंद्र धर दीवान के छोटे भाई थे।



### तीजा बाई साहू

**अभनपुर।** पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू (92) का गृहग्राम मानिकचौरी मे सुबह 8 जनवरी को सुबह निधन हो गया। वे छबिराम साहू,चन्द्रशेखर साहू,चन्द्रिका प्रसाद, चिन्ता राम साहू की माता थीं। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज व अभनपुर,राजिम क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व प्रमुख कार्यकर्ता,गणमान्य नागरिक सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि दी।



## कार्रवाई : नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन एक क्लिनिक सील

# डिग्रीधारी चाचा के मरने के बाद भतीजा इलाज करते पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



विकासखण्ड तिल्दा में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल एवं क्लीनिक की जॉंच के लिए अभियान शुरू किया गया है,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेष चैधरी के निर्देशन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित जॉंच दल के द्वारा तिल्दा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थाओं छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई का सिलसिला पिछले दो दिनों से जारी है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष कुमार सिन्हा ने बताया की तिल्दा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल एवं क्लीनिको की जाँच लिए एक टीम गठित कर छापामार कारवाई की जा रही है. पहले दिन बुधवार को तिल्दा क्षेत्र में संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान 5 क्लीनिक,2 हॉस्पिटल में दबिश देकर उक्त निजी संस्थाओं में नर्सिंग होम एक्ट मानकों का परीक्षण किया गया। बिना वैध दस्तावेज के संचालित माता बिनता क्लीनिक को नर्सिंग होम एक्ट के उल्लंघन पाये जाने पर सील करने की कार्यवाही की गई।

इसी तरह 1 निजी अस्पताल में गैर एम बी बी एस के अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। अस्पताल प्रबंधन को तत्काल अस्पताल बंद करने आदेश दिए गए..जाँच टीम द्वारा हिदायत देकर कहा गया की जब तक अस्पताल में MBBS डाक्टर की नियुक्त नही की जाती है तब तक किसी भी मरीज का इलाज न करे यदि मरीज का इलाज करते पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी,इसी तरह इभान डेंटल क्लिनिक में छापा मारा यहाँ डिग्रीधारी चाचा के बदले भतीजा मरीजो इलाज करते पाया गया। बाद में पता चला की डाक्टर की मौत हो चुकी है। असके बाद क्लिनिक को तत्काल बंद कराया गया..इसके अन्य निजी अस्पताल एव किलिनिको में नर्सिंग होम एक्ट का उलंघन करते पाया गया,कुछ झोला छाप डाक्टरों के क्लीनिको पर भी टीम पहुंची उन्हें हिदायत देकर क्लीनिक को बंद कराया गया।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

कुछ ऐसे थे हॉस्पिटल और क्लिनिक है.जो एक नाम से रजिस्ट्रेशन करा कर अलग-अलग शहरों में हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं जिसकी शिकायत हमें मिली है .संचालकों के द्वारा नियमों को ताक में रखकर उल्लंघन करते पकड़े गए तो उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ आशीष सिन्हा बीएमओ




# सीएम ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबाल चैंपियनशिप का खरोरा में भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

■ स्पर्धा का विधायक अनुज शर्मा ने किक लगाकर किया आगाज

विधानसभा के नगर पंचायत खरोरा में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खरोरा के खेल मैदान में जेएसएफ (JSF) एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'सीएम ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबॉल चैंपियनशिप' का आज गरिमामय शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस अखिल भारतीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों की प्रतिष्ठित फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि आज खरोरा के लिए यह बड़े गर्व का विषय है कि जेएसएफ एसोसिएशन के प्रयासों से यहाँ 'सीएम ट्रॉफी अखिल भारतीय फुटबॉल चैंपियनशिप' का आगाज हो रहा है। देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों को इस पावन धरा पर देखकर मन बहुत हर्षित है।

हमारी सरकार और मुख्यमंत्री जी का भी यही सपना है कि खेल के माध्यम से हम युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करें। 'सीएम ट्रॉफी' का यह आयोजन उसी विजन का एक हिस्सा है। मेरे युवा साथियों, हार और जीत खेल के दो पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है आपकी 'खेल भावना'। मैदान से आप जो अनुशासन और धैर्य सीखकर जाएंगे, वह आपके जीवन के हर मोड़ पर काम आएगा।

मैं चाहता हूँ कि खरोरा के इस मैदान से ऐसी प्रतिभाएं निकलें जो भविष्य में देश का प्रतिनिधित्व करें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा लहराएं। उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, टिकेश्वर मनहरे , सुरेंद्र वर्मा, अनिल सोनी, सुमीत सेन, सोना वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, रश्मि वर्मा,सहित जेएसएफ एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। मैच देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा खेल मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# कांटाठीह में चावल उत्सव व रोजगार दिवस मना और पीएम आवास की सौंपी गई चाबियां



**रायपुर।** ग्राम पंचायत कांटाठीह में बुधवार को चावल उत्सव, विकसित भारत जी राम जी एक्ट 2025 रोजगार दिवस के साथ ही आवास दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत रायपुर के सीईओ द्वारा आवास दिवस पर प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को आवास सांकेतिक चाबी सौंपी गई और गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही चावल उत्सव, वी बी जी राम जी रोजगार दिवस के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार विश्वरंजन, सरपंच त्रिवेणी साहू, उप सरपंच रंजीत कुमार निषाद, कार्यक्रम अधिकारी रोशनी तिवारी, आवास जिला समन्वयक पूनम जीवनानी, निवेदिता पाण्डेय, जया मिश्रा, सुनील बंजारे, नरेंद्र कुमार साहू, मणिलाल परमार, पंच राजेश्वरी निषाद, सूरज साहू, निकता पांडेय, लाकेश सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### ग्राम खंडवा में मड़ई और भूमिपूजन आज

**अभनपुर।** ग्राम खंडवा मे मंडई मेला उत्सव एवं विकास कार्यो की भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम 9 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू,जनपद अध्यक्ष्क्षा चन्द्रिका बंजारे,जिपं. चन्द्रकला ध्रुव,जनपद सभापति संतराम साहू एवं सरपंच श्रीमति सुशीला जगदीश भारती,उपसरपंच गजेन्द्र वर्मा शामिल होगे। इस मौके पर रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कला मंच रंग रंजन विरेन्द्र चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी।



### प्रशिक्षण के लिए किसानों का दल दिल्ली हुआ रवाना

**चंदखुरी।** विकास खंड आरंग के ग्राम परसकोल, देवरी एवं गुल्लू के किसानों को एक बड़ा अवसर मिला है। JKM योजना के अंतर्गत आयोजित 10 दिवसीय अंतरराज्यीय भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इन किसानों का एक दल दिल्ली यात्रा पर रवाना हुआ। महामंत्री भारतीय जतना युवा मोर्चा जिला रायपुर एवं जनपद सदस्य एवं कृषि स्थायी समिति के सभापति, जनपद पंचायत आरंग, श्री लुकेश साहू जी ने अपने ग्राम से किसानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री साहू ने किसानों को शुभकामनाएं दीं और बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि यह यात्रा किसानों के लिए नई कृषि तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों और आधुनिक कृषि प्रथाओं को सीखने का सुनहरा मौका है, जो छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास को गति देगी। यह कार्यक्रम किसानों को राज्य से बाहर ले जाकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की कृषि संस्थानों, फार्मों और प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने का उद्देश्य रखता है। दिल्ली में किसान विभिन्न कृषि प्रदर्शनियों, प्रशिक्षण सत्रों और विशेषज्ञों से मुलाकात कर लाभान्वित होंगे।

# बाल विवाह के खिलाफ जरौद की महिलाओं ने लिया संकल्प



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौद (उमरिया) में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ महिलाओं ने एकजुट होकर सशक्त आवाज बुलंद की। पंचायत स्तर पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की सामूहिक शपथ लेकर सामाजिक बदलाव का स्पष्ट संदेश दिया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे न केवल अपने परिवारों में, बल्कि पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में बाल विवाह को रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। शपथ के दौरान गूंजे नारों ने यह साफ कर दिया कि ग्रामीण स्तर पर महिलाएं अब जागरूक हो चुकी हैं और बेटियों के अधिकारों को लेकर दृढ़ हैं।वक्ताओं ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध होने के साथ-साथ बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के सपनों के लिए घातक है। कम उम्र में विवाह से मातृत्व संबंधी जोखिम,कुपोषण और शैक्षणिक बाधाएं उत्पन्न होती हैं जिनका खामियाजा पूरी पीढ़ी को भुगतना पड़ता है। महिलाओं ने यह भी प्रण लिया कि यदि उनके आसपास कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो वे तत्काल प्रशासन को सूचित करेंगी और उसे रुकवाने का हरसंभव प्रयास करेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह को लेकर चली आ रही पुरानी और रूढ़िवादी सोच को बदलना बताया गया। महिला स्व-सहायता समूहों के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बेटियों की कम उम्र में शादी के बजाय शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देना।कम उम्र में मातृत्व के खतरों और कुपोषण के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता। बाल विवाह निषेध अधिनियम की धाराओं एवं सजा के प्रावधानों की जानकारी देने पर जोर दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तोरण ध्रुव, पूर्णिमा डहरिया, सहायिकाएं कल्याणी ध्रुव, तारणी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## प्रवासी छत्तीसगढ़ियों के बीच 'किंग मेकर' बनकर उभरेंगे धरसींवा विधायक

# महाराष्ट्र में महानगरपालिका चुनाव में फिर गूंजेगी अनुज की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनाव 2026 के लिए राजनीतिक बिसात बिछ चुकी है और दांव-पेच का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सबसे भरोसेमंद 'ट्रम्प कार्ड' और छत्तीसगढ़ी सिनेमा के महानायक धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा को एक बार फिर महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनाव के मैदान में उतारा है। पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी ओजस्वी भाषण शैली से विरोधियों के किलों को ध्वस्त करने वाले अनुज शर्मा अब भाजपा-शिवसेना-रिपाई (आठवले) महायुति के प्रत्याशियों के लिए 'विजय सारथी' की भूमिका में नजर आएंगे।

### छत्तीसगढ़ी मूल के लाखों मतदाता



नागपुर के विभिन्न प्रभागों, विशेषकर अंबे नगर और प्रभाग क्रमांक 25 में छत्तीसगढ़ी मूल के लाखों मतदाता निवास करते हैं। ये मतदाता यहाँ की सत्ता की चाबी अपने पास रखते हैं। अनुज शर्मा की लोकप्रियता का आलम यह है कि उन्हें केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी अस्मिता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। पार्टी के विशेष आमंत्रण पर वे 9 जनवरी शुक्रवार को शाम 8:00 बजे अंबे नगर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। अपने इस सघन दौरे के दौरान वे कुल 5 चुनावी सभाओं के माध्यम से महायुति के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

### रिश्ता अपनों से, संकल्प विकास का

मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने बेहद आत्मीय शब्दों में अपनी रणनीति साझा की, उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र नागपुर की पावन धरा पर बसे मेरे छत्तीसगढ़ी भाई-बहनों से मेरा रिश्ता केवल राजनीति का नहीं, बल्कि खून और संस्कृति का गहरा नाता है। पिछले चुनाव में यहाँ की जनता ने जिस तरह से मेरा मान बढ़ाया और महायुति पर विश्वास जताया, उसने साबित कर दिया था कि विकास की राह में कोई बाधा टिक नहीं सकती। संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसे जन-जन के आशीर्वाद से पूर्ण करूँगा। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में इस समय सेवा और सुशासन की जो लहर चल रही है, उसे अब नगर निगम की दहलीज तक ले जाना है। नागपुर के जागरूक मतदाता भली-भांति जानते हैं कि 'विकसित नागपुर' के संकल्प को केवल वही सरकार पूरा कर सकती है, जिसकी विचारधारा केंद्र और राज्य से मेल खाती हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नीतियों और महायुति के ठोस कार्यों ने जनता के बीच एक अमिट विश्वास पैदा किया है। अनुज शर्मा ने आत्मविश्वास के साथ दोहराया कि जिस तरह विधानसभा चुनाव के परिणामों ने विरोधियों के हौसले पस्त कर दिए थे, ठीक उसी तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ी समाज और नागपुर की जनता मिलकर महायुति का विजय तिलक करेगी।

## पेज 11 के शेष...

### कोर्ट को आत्मघाती बम से...

की। शरारती तत्व ने कोर्ट खुलने के पूर्व 10 बजे मेल भेज धमकी दी थी। साथ ही कोर्ट के जजों को दोपहर 2.35 बजे तक कोर्ट खाली करने चेतावनी दी थी। कोर्ट परिसर में बम से आत्मघाती हमला करने की धमकी भरा मेल विक्रम अंडर स्कोर राजगुरू एट द रेट आउट लुक डॉट कॉम से भेजा गया था। मेल को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के निर्देश पर कोर्ट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों के अलावा 30 के करीब पुलिस जवानों के साथ बम स्कवाड की टीम भेजी गई। बम स्कवाड की टीम ने जजों के चैंबर के साथ नोटरी हॉल तथा वकीलों के बैठक स्थल की टीम बारीकी से पड़ताल की।

### कोर्ट परिसर में...

की। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी तथा वकील भगवानू नायक ने शासन से मांग की है कि रायपुर जिला न्यायालय प्रदेश का संवेदनशील न्यायालय परिसर है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अफसरों को कोर्ट परिसर की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### आत्मानंद स्कूलों...

भी नहीं है। उन्हें जो राशि भेजी जा रही है, उससे वे बमुश्किल स्टेशनरी का खर्च निकाल पा रहे हैं। बिजली बिल के लिए पैसे नहीं होने के कारण वे चाहकर भी भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर बिजली कंपनी द्वारा शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों को नियमित अंतराल पर रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं, लेकिन उन्हें भी अपनी राशि नहीं मिल रही है। जिले में 36 आत्मानंद विद्यालय हैं, इनमें से तकरीबन दो दर्जन स्कूल ऐसे हैं, जहां का बिजली बिल महीनों से बकाया है।

### नगर निगम व शिक्षा...

में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शामिल किया गया। पूर्व में इनके बिजली बिल का भुगतान नगर निगम द्वारा ही किया जाता था। शाला प्रबंधन के मुताबिक, नगर निगम से संपर्क करने पर वे शिक्षा विभाग से राशि लेने की बात कहते हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग के पास जाने पर वे नगर निगम के स्कूल होने की बात कहते हैं।

### फीस लेने की...

स्वामी आत्मानंद विद्यालय कई बार शासन से मांग कर चुके हैं कि फंड प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में उन्हें कम से कम फीस लेने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि वे सामान्य खर्च निकाल सकें।

### किन स्कूलों का, कब...

1 लाख 23 हजार, 11 माह
11. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, लालपुर - 1 लाख 9 हजार, 12 माह
12. पं.राम सहाय मिश्रा विद्यालय, मोहबाबाजार - 88 हजार, 3 माह
13. पीजी उमाठे, शांति नगर - 87 हजार, 3 माह
14. कांशीराम शर्मा शासकीय विद्यालय, भनपुरी - 80 हजार, 9 माह
15. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, गनियारी, तिल्दा - 62 हजार, 13 माह
16. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, अभनपुर - 45 हजार, 2 माह
17. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, गोगांव - 38 हजार, 1 माह
18. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, सरोना - 31 हजार, 5 माह
19. पीएमश्री विद्यालय, गोबरा-नवापारा - 31 हजार, 3 माह
20. प्रियदर्शनी विद्यालय, तिल्दा - 24 हजार, 1 माह
21. पीएमश्री श्री अनंत राम विद्यालय, चंदखुरी - 19 हजार, 1 माह

### अब ट्रेन का इंतजार ...

का इंतजार करते समय आरामदायक सुविधा मिलेगी, जिससे यात्री योगा मेडिटेशन, मिनी फिटनेस, आरामदायक सोफा, प्रीमियम रीक्लीनर मसाज सोफा, यात्रियों को शुल्क बेसिस पर एंबुलेंस की सुविधा, हेल्दी फूड जो कि मिलेट्स आधारित होंगे। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच यात्री कर सकेंगे।

### सुविधाएं उपलब्ध ...

कई सुविधाएं उपलब्ध होने से यात्रियों का समय बचेगा और वे अपने ट्रेन के इतंजार को अधिक आरामदायक बना सकते हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को अपनी ट्रेन के इंतजार के दौरान अधिक आराम और सुविधा मिलेगी और वे अपने गंतव्य स्थान पर अधिक ताजगी और ऊर्जा के साथ पहुंचेंगे।

### कैल्शियम के कारण कठोर...

धमनियों के बंद होने का गंभीर खतरा था। इस जटिलता से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने दोनों कोरोनरी धमनियों में स्टेंट डालकर उनके और वाल्व के बीच "चिमनी" संरचना तैयार की। प्रक्रिया के अंतिम चरण में वाल्व डिलीवरी के दौरान बाएं पैर की नस में ब्लॉकेज उत्पन्न हो गया, जिसे दाहिने पैर के रास्ते तत्काल बलून एंजियोप्लास्टी कर रक्त प्रवाह पुनः स्थापित किया गया।

### स्टैंडबाई में रही ओपन...

की धड़कन अनियमित होने की आशंका को देखते हुए 24 घंटे के लिए टेम्परररी पेसमेकर का बैकअप सुनिश्चित किया गया। प्रक्रिया पश्चात जटिलताओं की आशंका के चलते मरीज को हार्ट कमांड सेंटर में अति गहन निगरानी में रखा गया, जहां रिमोट व्यूइंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से टेली-मॉनिटरिंग की गई। मरीज डिस्चार्ज...

ऑपरेशन का हिस्सा रहे। टीम में कैथलैब टेक्नीशियन जितेंद्र, बद्री, प्रेमचंद तथा स्टाफ नर्स आनंद, डिगेन्द्र सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्डियक एनेस्थेसियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. बालस्वरूप साहू एवं डॉ. संकल्प दीवान का भी विशेष सहयोग रहा।

# सालभर में 9700 किलोग्राम मिलावटी पनीर-एनालॉग, खोवा जब्त, अमानक मिलने पर किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि विभाग ने सालभर में जिले में मिलावटी पनीर, एनालॉग पनीर एवं खोवा बिक्री पर कार्रवाई करते हुए 35 नमूने लिए थे, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। इनमें से 9700 किलोग्राम पनीर, एनालॉग पनीर एवं खोवा मिलावटी पाया है, जिसे जब्त करते हुए उसे नष्ट किया है।

विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने पनीर, एनालॉग पनीर से संबंधित फर्मों, प्रतिष्ठानों एवं विनिर्माण इकाइयों पर नियमित रूप से निरीक्षण एवं नमूना संकलन की कार्रवाई की है।

इस अवधि में पनीर एवं एनालॉग पनीर के कुल 35 खाद्य नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इनमें 9700 किलोग्राम एनालॉग पनीर, पनीर एवं खोवा के नमूने अमानक पाए गए, जिसके बाद उन्हें नष्ट किया है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई





### 10 प्रकरण न्यायालय में लंबित

विभागीय अधिकारियों के अनुसार मिलावटी प्रकरणों से संबंधित 10 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जो विचाराधीन हैं। विभाग की टीम ने 7 जनवरी को अभिहित अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बृजेंद्र भारती, सतीश कुमार राज, सिद्धार्थ पाण्डेय, रोशनी राजपूत तथा नमूना सहायक सुजित मुखर्जी ने मेसर्स केएलपी डेयरी एवं मिल्क प्रोडक्ट, केसरी बगीचा रोड, वार्ड क्रमांक 64, भाठागांव रायपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्वच्छ परिस्थितियों में पनीर का निर्माण पाया गया। मौके से लूज पनीर का विधिक नमूना जांच के लिए भेजा गया है, साथ ही 1700 किलोग्राम पनीर जब्त किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 4 लाख 76 हजार रुपए है। विभाग ने फर्म को ऑनलाइन सुधार सूचना के लिए नोटिस जारी किया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मिले केदार कश्यप



**रायपुर।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी मौजूद रहे।

## निधन

### महेंद्र धर दीवान

**रायपुर।** रोहिणीपुरम निवासी पं. रविवि से सेवानिवृत्त महेंद्रधर दीवान (कुकरा वाले) का 7 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. श्यामधर दीवान के पुत्र और हर्ष, उल्हास, उमंग पुलकित, प्रसन्न धर दीवान के पिता एवं स्व. बसंत धर दीवान, संत धर दीवान, स्व. जितेंद्र धर दीवान के छोटे भाई थे।



### शोभा चरण

**रायपुर।** अमलीडीह निवासी शोभा चरण का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे जगदलपुर मसीही कब्रिस्थान में किया जाएगा। वे स्व. सुरेश चरण की पत्नी और कलेक्टोरेट में कार्यरत अर्चना नायक व शिफा जोसफ की माता एवं मंत्रालय अधिकारी केनस नायक की सास थीं।



### कमला देवी जाधव

**रायपुर।** रायपुर निवासी कमला देवी जाधव (95) का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे एनके जाधव, एचके जाधव और शैलेष जाधव की माता थीं।



## एमआईसी की बैठक में 33 एजेंडे, 2 खारिज, 31 पर लगी मुहर

# कुशालपुर की प्रोफेसर कालोनी में जलभराव रोकने नाला बनेगा

**खालसा स्कूल चौड़ीकरण प्रभावित 69 दुकानदारों का होगा व्यवस्थापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर नगर निगम की एमआईसी की बैठक गुरुवार को महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 33 एजेंडे चर्चा के लिए रखे गए। इनमें से शहर की सफाई को केन्द्रीयकृत निजी एजेंसी को दिए जाने संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने खारिज कर दिया है। इसके साथ संविदा नियुक्ति संबंधी 2 प्रकरण निरस्त हुए हैं। एमआईसी में 31 प्रस्तावों को चर्चा के बाद मंजूरी दी गई है। इसमें मुख्य रूप से राजधानी की कुशालपुर कालोनी क्षेत्र स्थित प्रोफेसर कालोनी में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने 2.50 करोड़ की लागत से नाला निर्माण संबंधी प्रस्ताव और जोन 9 क्षेत्र में 2 नाला निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। इसी तरह खालसा स्कूल के पास आक्सीजोन निर्माण के दौरान सड़क चौड़ीकरण में प्रभावित 69 दुकानदारों को क्रिस्टल आर्किड के पास दुकान बनाकर व्यवस्थापित किए जाने संबंधी प्रस्ताव पर एमआईसी ने मुहर लगा दी है।

महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में गुरुवार को महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 33 एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान 2 एजेंडे निरस्त हुए, जबकि 31 एजेंडों को चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। इनमें शहर में 3 स्थानों पर जलभराव से बचाव के लिए नाला निर्माण संबंधी प्रस्ताव शामिल है। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि पूर्व में बनाए गए 10 एसी बस स्टॉप के अलावा फिर से शहर में 10 नए एसी बस स्टॉप का प्रस्ताव एमआईसी में लाया गया, चूंकि शहर में अभी एसी बस संचालित नहीं है और पहले से 10 एसी बस स्टॉप बने हुए हैं, जिनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है।

**शहरभर में केन्द्रीयकृत सफाई के लिए ठेका संबंधी प्रस्ताव निरस्त**

**शहर के आधा दर्जन स्थानों पर नो फ्लैक्स जोन विकसित होंगे**




### 6 अलग-अलग स्थानों पर नो फ्लैक्स जोन विकसित किए जाएंगे

10 नए एसी बस स्टॉप बनाए जाने का कोई औचित्य नहीं है। इसीलिए हमने इस प्रस्ताव को निरस्त किया। शहर के मुख्यमार्ग को सुंदर बनाने जीई रोड से तेलीबांधा तक के मार्ग को हमने नो फ्लैक्स जोन बनाया। उसी तर्ज पर आने वाले दिनों में शहर में 6 अलग-अलग स्थानों पर नो फ्लैक्स जोन विकसित किए जाएंगे। इस आशय के प्रस्ताव को एमआईसी ने मंजूरी दी है। इसी तरह मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत पूर्व में खालसा स्कूल के पास से आक्सीजोन निर्माण के दौरान सड़क चौड़ीकरण के लिए 69 दुकानदारों को हटाया गया, उन्हें व्यवस्थापित कर क्रिस्टल आर्किड के पास दुकान बनाकर व्यवस्थापन देने प्रस्ताव पारित किया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई संसाधन बढ़ाने संबंधी प्रस्ताव, पेंशन के 300 प्रकरणों को मंजूरी दी गई है।

### सफाई के लिए केन्द्रीय ठेका का प्रस्ताव निरस्त

*स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर की सफाई केन्द्रीय कृत करने और एकीकृत सफाई ठेका संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने निरस्त कर दिया है। सदस्यों का कहना है, वे बाहर से बड़ी एजेंसी लाने के पक्ष में नहीं हैं। वार्डवार सफाई ठेका होने पर उसकी मानिटरिंग आसान होती है, साथ ही यदि कोई ठेकेदार सफाई में कोताही बरत रहा, तो उस पर कड़ाई करने से लेकर ठेका निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहता है। इसीलिए पहले की व्यवस्था को यथावत रखा जाए। बैठक में 2 लोगों के संविदा सेवा बढ़ोतरी संबंधी प्रस्ताव को एमआईसी ने निरस्त कर दिया।*

# छत्तीसगढ़ में खुलेंगे 12 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 144 पदों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राज्य में 12 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के मुख्य बजट के प्रावधान अनुसार नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई थी।

■ चिकित्सा अधिकारी समेत प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में होंगे 12 मेडिकल स्टाफ

इसके बाद यह स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए नगर निगम चिरमिरी के कोरिया कालरी, खड़गवां जनपद के ग्राम पंचायत जरौंधा, कोंडागांव विकासखंड के ग्राम गोलावंड, बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम मुरमा, कोरिया जिले के ग्राम सकरिया, राजपुर विकाखंड के ग्राम सेवारी, विकासखंड दरभा के ग्राम पोड़ागुड़ा तथा ग्राम चिंतापुर, दुलदुला विकासखंड के ग्राम करडेगा, विकासखंड फरसाबहार के ग्राम पेटामारा (अकीरा) तथा ग्राम गंझियाडीह और विकासखंड कुनकुरी के ग्राम केराडीह में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए नवीन पदों की स्वीकृति दी गई है।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी

आदेश के अनुसार प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सा अधिकारी, एक ग्रामीण चिकित्सा सहायक, एक फार्मासिस्ट ग्रेड 2, एक महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 3 स्टाफ नर्स, एक लैब टेक्निशियन, एक सहायक ग्रेड 3, 1 वार्ड बॉय और 2 आया का पद शामिल है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए सीएम विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना से राज्य के लोगों को ग्रामीण स्तर पर भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और जरूरतमंद लोगों का सही समय पर शीघ्र उपचार संभव हो सकेगा।

# भाजपा किसान मोर्चा की कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों का ऐलान

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन की अनुमति के बाद गुरुवार को प्रदेश किसान मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ ही संभाग के प्रभारी और जिलाध्यक्षों का भी ऐलान किया गया है। कार्यकारिणी में 52 पदाधिकरी रखे गए हैं। प्रदेश संगठन के प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी नवीन मार्कंडेय के हस्ताक्षर से कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। उपाध्यक्ष के पद पर बबलू खेलावन शर्मा, मुन्नालाल चौधरी, अनिल अग्रवाल, भुवनेश्वर चंद्राकर, यशवर्धन वर्मा, मनीषा चंद्राकर, महामंत्री राकेश तिवारी, ओमाप्रकाश देवांगन, मंत्री संपूर्णानंद मिश्रा, सोयम मुक्का, मूलचंद लोधी, रत्तूराम गुप्ता, प्रशांत ठाकुर, राजेश साहू, कोषाध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह, सहकोषाध्यक्ष विनय साहू, मोतीलाल, अमित अग्रवाल, कार्यालय मंत्री रविश गुप्ता, मीडिया प्रभारी वैभव वैष्णव के साथ ही मीडिया विभाग में सोशल मीडिया और अन्य प्रचार प्रसार विभाग में पदाधिकारी बनाए गए हैं। संभाग के प्रभारी और जिलाध्यक्ष रायपुर के प्रभारी रेखराम बंछोर, बस्तर के तोमन साहू, बिलासपुर के लाल संतोष सिंह, दुर्ग के चौलेश्वर चंद्राकर और सरगुजा के राजेश सिंह बनाए गए हैं। जिलाध्यक्षों में रायपुर शहर ओमप्रकाश साहू, रायपुर ग्रामीण परदेशी राम साहू, बिलासपुर शहर दिनेश राजपूत, ग्रामीण धीरेंद्र दुबे, भिलाई दीपक यादव, दुर्ग रोहित राजपूत, राजनांदगांव दादुराम सोनकर, कवर्धा पवन पटेल, बस्तर के योगेश ठाकुर अध्यक्ष बने हैं।

# वीबी जी राम जी के जनजागरण सम्मेलन में आएंगे राष्ट्रीय नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने भी प्रदेशभर में इस योजना को लेकर जन जागरण चलाने का फैसला किया है। जनवरी में माहभर प्रदेश में आयोजन होंगे। प्रदेशभर में होने वाले सम्मेलनों में जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा नेता शामिल होंगे, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेता भी सम्मेलनों के लिए आएंगे। कब कहां सम्मेलन होंगे, इसका फैसला 11 जनवरी को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली कार्यशाला में होगा।

■ ठाकरे परिसर में होगी 11 जनवरी को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

केंद्र सरकार ने मनेरगा के स्थान पर अब वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ की है। इसको लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस योजना का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस योजना को लेकर देश के सभी राज्यों में जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। राज्यों में इसके लिए टीम भी बनाई गई है।

छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश टोली का गठन किया गया है। इसका प्रदेश संयोजक प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन को बनाया गया है। इसी के साथ सदस्य भी बनाए गए हैं।

### कार्यशाला में ये रहेंगे

*11 जनवरी को सुबह 10 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिलेगा। इस कार्यशाला में सभी जिलाध्यक्ष, संभाग और जिलों के प्रभारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, सहकारी बैंकों के अध्यक्षों को बुलाया गया है। इस कार्यशाला में सम्मेलनों की रूपरेखा तय होगी। कहां कब सम्मेलन होगा, इसमें कौन-कौन रहेंगे।*

### बताएंगे फायदे

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार वीबी जी राम जी को लेकर अपनी तरफ से अभियान चलाएगी, वहीं प्रदेश भाजपा संगठन ने भी प्रदेश भर में आयोजन करने की कार्ययोजना तैयार की है। इस कार्ययोजना के मुताबिक जिला पंचायत स्तर के साथ जनपद स्तर पर सम्मेलन करने के साथ ही सरपंचों का भी सम्मेलन किया जाएगा। अलग-अलग स्थानों में होने वाले सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री भी जाएंगे। इसी के साथ सम्मेलनों में विधायक, सांसद भी जाएंगे। कुछ सम्मेलनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी जाएंगे। इसी साथ राष्ट्रीय स्तर के भाजपा नेता भी सम्मेलनों के लिए आएंगे। इन सम्मेलनों में बताया जाएगा कि केंद्र सरकार जो नई योजना लाई है वह योजना मनरेगा से ज्यादा अच्छी है। मनरेगा योजना की कमियों के साथ नई योजना की खासियतों के बारे में सभी को बताया जाएगा कि इस योजना के लागू होने के किस तरह से फायदा होगा।

## बिजनेस साइट

# रायपुर में सिल्क वीव्स एक्सपो वेडिंग स्पेशल एडिशन का भव्य शुभारंभ





**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित गुरुतेग बहादुर भवन में सिल्क वीव्स एक्सपो द्वारा आयोजित वेडिंग स्पेशल एडिशन प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं तथा फैशन प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर श्री जुनेजा ने कहा कि सिल्क वीव्स एक्सपो जैसे आयोजनों से देश की समृद्ध हथकरघा परंपरा को नया मंच मिलता है और कारीगरों को सीधे ग्राहकों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। आयोजकों ने बताया कि सिल्क वीव्स एक्सपो भारत की सबसे बड़ी सिल्क प्रदर्शनी है और यह इसका अंतिम आयोजन है। यह प्रदर्शनी 8 जनवरी से 19 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रवेश और पार्किंग पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। प्रदर्शनी में बनारसी, कांजीवरम, कोसा सिल्क, बेंगलुरु सिल्क, जामदानी तथा वेडिंग स्पेशल साड़ियों का आकर्षक संग्रह उपलब्ध है। साथ ही शॉल, स्टोल, लिनेन और वेडिंग एथनिक परिधानों सहित अन्य हस्तनिर्मित उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं। कोलकाता, बनारस, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और असम के कारीगरों की सहभागिता इसे खास बनाती है।

## यूको बैंक ने 84वें स्थापना दिवस पर किया सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** यूको बैंक की मिड कॉर्पोरेट शाखा द्वारा बैंक के 84वें स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत श्री राम मंदिर में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच मिष्ठान एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर यूको बैंक के सहायक महाप्रबंधक सतीश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ प्रदीप प्रकाश एवं लक्ष्मीकांत पाणिग्राही, आचार्य हनुमंत कुमार द्विवेदी तथा चंद्रप्रकाश जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों ने यूको बैंक की स्थापना, विकास यात्रा, बैंकिंग सेवाओं एवं समाज के प्रति बैंक की जिम्मेदारियों की जानकारी भी साझा की।

## कास्मो एक्सपो 2026 का आज भव्य शुभारंभ




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कास्मोपॉलिटन (रोटरी कास्मो फाउंडेशन) द्वारा आयोजित कास्मो एक्सपो 2026 का भव्य शुभारंभ आज शाम 7.30 बजे श्रीराम बिजनेस पार्क में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। 9 से 12 जनवरी तक चलने वाले इस चार दिवसीय एक्सपो का यह 16वां संस्करण है, जो 'आपका हमारा सबका' थीम पर जीके टीएमटी के प्रेजेंटेशन में आयोजित हो रहा है। उद्घाटन समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का विशेष आतिथ्य रहेगा।

एक्सपो में रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग, एजुकेशन, टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न ट्रेड के लगभग 300 स्टॉल और 100 फूड स्टॉल लगाए गए हैं। पहले दिन मुख्यमंत्री द्वारा आई एंबुलेंस का डोनेशन किया जाएगा। 11 जनवरी को सनडाउनर तंबोला और उत्तरायण 3.0 काइट महोत्सव विशेष आकर्षण होंगे। चार दिनों में लकी ड्रा के माध्यम से 20 लाख रुपये तक के उपहार विजिटर्स को मिलेंगे।

## पेज 11 के शेष ...

### कोर्ट को आत्मघाती बम से...

की। शरारती तत्व ने कोर्ट खुलने के पूर्व 10 बजे मेल भेज धमकी दी थी। साथ ही कोर्ट के जजों को दोपहर 2.35 बजे तक कोर्ट खाली करने चेतावनी दी थी। कोर्ट परिसर में बम से आत्मघाती हमला करने की धमकी भरा मेल विक्रम अंडर स्कोर राजगुरू एट द रेट आउट लुक डॉट कॉम से भेजा गया था। मेल को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी के निर्देश पर कोर्ट परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों के अलावा 30 के करीब पुलिस जवानों के साथ बम स्कवाड की टीम भेजी गई। बम स्कवाड की टीम ने जजों के चैंबर के साथ नोटरी हॉल तथा वकीलों के बैठक स्थल की टीम बारीकी से पड़ताल की। सुरक्षा जांच के चलते कोर्ट का काम भी प्रभावित हुआ।

### कोर्ट परिसर में...

की। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी तथा वकील भगवानू नायक ने शासन से मांग की है कि रायपुर जिला न्यायालय प्रदेश का संवेदनशील न्यायालय परिसर है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अफसरों को कोर्ट परिसर की सुरक्षा के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### आत्मानंद स्कूलों की ऐसी हालत...

भी नहीं है। उन्हें जो राशि भेजी जा रही है, उससे वे बमुश्किल स्टेशनरी का खर्च निकाल पा रहे हैं। बिजली बिल के लिए पैसे नहीं होने के कारण वे चाहकर भी भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। जिले में 36 आत्मानंद विद्यालय हैं, इनमें से तकरीबन दो दर्जन स्कूल ऐसे हैं, जहां का बिजली बिल महीनों से बकाया है।

### नगर निगम व शिक्षा...

में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शामिल किया गया। पूर्व में इनके बिजली बिल का भुगतान नगर निगम द्वारा ही किया जाता था। शाला प्रबंधन के मुताबिक, नगर निगम से संपर्क करने पर वे शिक्षा विभाग से राशि लेने की बात कहते हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग के पास जाने पर वे नगर निगम के स्कूल होने की बात कहते हैं।

### फीस लेने की...

स्वामी आत्मानंद विद्यालय कई बार शासन से मांग कर चुके हैं कि फंड प्रदान नहीं किए जाने की स्थिति में उन्हें कम से कम फीस लेने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि वे सामान्य खर्च निकाल सकें। इस दिशा में भी अब तक कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया जा सका है।

### किन स्कूलों का, कब...

1 लाख 23 हजार, 11 माह
11. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, लालपुर - 1 लाख 9 हजार, 12 माह
12. पं.राम सहाय मिश्रा विद्यालय, मोहबाबाजार - 88 हजार, 3 माह
13. पीजी उमाठे, शांति नगर - 87 हजार, 3 माह
14. कांशीराम शर्मा शासकीय विद्यालय, भनपुरी - 80 हजार, 9 माह
15. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, गनियारी, तिल्दा - 62 हजार, 13 माह
16. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, अभनपुर - 45 हजार, 2 माह
17. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, गोगांव - 38 हजार, 1 माह
18. स्वामी आत्मानंद विद्यालय, सरोना - 31 हजार, 5 माह
19. पीएमश्री विद्यालय, गोबरा-नवापारा - 31 हजार, 3 माह
20. प्रियदर्शनी विद्यालय, तिल्दा - 24 हजार, 1 माह
21. पीएमश्री श्री अनंत राम विद्यालय, चंदखुरी - 19 हजार, 1 माह

### कैल्शियम के कारण कठोर...

धमनियों के बंद होने का गंभीर खतरा था। इस जटिलता से निपटने के लिए विशेषज्ञों ने दोनों कोरोनरी धमनियों में स्टेंट डालकर उनके और वाल्व के बीच "चिमनी" संरचना तैयार की। प्रक्रिया के अंतिम चरण में वाल्व डिलीवरी के दौरान बाएं पैर की नस में ब्लॉकेज उत्पन्न हो गया, जिसे दाहिने पैर के रास्ते तत्काल बलून एंजियोप्लास्टी कर रक्त प्रवाह पुनः स्थापित किया गया।

### स्टैंडबाई में रही ओपन...

की धड़कन अनियमित होने की आशंका को देखते हुए 24 घंटे के लिए टेम्पररी पेसमेकर का बैकअप सुनिश्चित किया गया। प्रक्रिया पश्चात जटिलताओं की आशंका के चलते मरीज को हार्ट कमांड सेंटर में अति गहन निगरानी में रखा गया, जहां रिमोट व्यूइंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से टेली-मॉनिटरिंग की गई।

## एबीवीपी का प्रदर्शन, 75 निष्कासित छात्रों को लिया वापस



**रायपुर।** कलिंगा विवि द्वारा निष्कासित किए गए 75 छात्रों के समर्थन में एबीवीपी ने गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलन पश्चात 75 निलंबित छात्रों को पुनः प्रवेश दिया गया। इसके अलावा विवि प्रबंधन ने अन्य समस्याओं का समाधान 7 दिनों में करने का वादा किया है। एबीवीपी ने मांग करते हुए कहा, निलंबित सभी छात्रों को तत्काल प्रवेश देने के अतिरिक्त उनके साथ भविष्य में किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए। हॉस्टल मैस में भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार किया जाए। विश्वविद्यालय एवं हॉस्टल परिसर में सुचारू एवं प्रभावी वाईफाई सुविधा उपलब्ध कराई जाए। संगोष्ठी अथवा सेमीनार के नाम पर विद्यार्थियों से अनिवार्य रूप से वसूले जाने वाले शुल्क को समाप्त कर स्वैच्छिक किया जाए।

**नाम परिवर्तन/ नाम स्पष्टीकरण**
**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, तनय रामेश्वर शर्मा, पुत्र रामेश्वर शर्मा, निवासी एमआईजी 1/105, कबीर नगर, टाटीबंध, रायपुर, छत्तीसगढ़, पूर्व में तनय शर्मा के नाम से जाना जाता था। मैंने शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम बदल लिया है और तनय रामेश्वर शर्मा नाम अपना लिया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि तनय शर्मा और तनय रामेश्वर शर्मा एक ही व्यक्ति हैं। अब से, मुझे सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी, शैक्षणिक, बैंक, राजस्व और अन्य आधिकारिक अभिलेखों में तनय रामेश्वर शर्मा के नाम से जाना और पहचाना जाएगा। यह सार्वजनिक सूचना शपथ पत्र के आधार पर जारी की गई है।

**शपथकर्ता**
**तनय रामेश्वर शर्मा**
**(पूर्व में तनय शर्मा के नाम से जाना जाता था)**
**निवासी – रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**Public Announcement**

It is to inform all the general public that I, Mrs. Uma devi Sahu W/o Bhikham Chand Sahu, am resident of 54/1451, Tarun Nagar Dangania Raipur CG 492013. My Husband is Mr. Bhikham Chand Sahu. In all government and other documents my husband name has been mentioned as Bhikham Chand Sahu. In future also in all govt and other documents my name should be mentioned as Uma Devi sahu W/o Bhikham chand sahu.

**Uma Devi Sahu**
**54/1451, Tarun Nagar**
**Dangania Raipur CG**
**Pin No.- 492013**

## खबर संक्षेप



### वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और मुस्लिम युवाओं के कौशल विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्च

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान उन्होंने वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और मुस्लिम युवाओं के कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. सलीम राज ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री रिजिजू को वक्फ बोर्ड से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ संपत्तियों की जानकारी को 'उम्मीद पोर्टल' पर अपलोड करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब तक 95 प्रतिशत से अधिक संपत्तियों का डेटा पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस पहल से वक्फ संपत्तियों का पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित होगा और समाज को इनसे अधिक लाभ प्राप्त होगा।

### आज से तीन दिवसीय अखिल भारतीय चित्रकला कार्यशाला

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर संस्कार भारती छत्तीसगढ़ एक ऐतिहासिक एवं सृजनात्मक पहल करते हुए आगामी तीन दिवसीय 9 से 11 जनवरी तक "राष्ट्र रंग-संघ साधना के 100 बछर" विषय पर अखिल भारतीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम सरोना स्थित ठा. विघ्नहरण सिंह राजपूत भवन में सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित लगभग 100 से अधिक चित्रकार सहभागिता करेंगे। कलाकार तीन दिनों में 101 से अधिक चित्रों का सृजन कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक यात्रा को रंग, रेखा और कल्पना के माध्यम से जीवंत स्वरूप प्रदान करेंगे।

### वीबी जी-राम-जी योजना के नाम पर कांग्रेस भ्रम पैदा कर रही : डॉ. मिश्रा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, कांग्रेस के पास आज कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसलिए वह लोक कल्याण तथा ग्रामीण विकास को सुनिश्चित करने वाली योजनाओं का विरोध कर अपनी राजनीतिक कुण्ठा का प्रदर्शन कर रही है। डॉ. मिश्रा ने छत्तीसगढ़ में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर कांग्रेस के प्रस्तावित आंदोलन और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, मुद्दों की कंगाली से जूझ रही कांग्रेस के नेता जनहितकारी योजनाओं को लेकर जनता को बरगलाने के बजाये कांग्रेस बचाओ अभियान चलाने में अपनी ऊर्जा लगाएं। वीबी जी-राम-जी योजना के नाम पर कांग्रेस जनता में भ्रम पैदा कर रही है।

# 10वीं-12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले बुनकर परिवारों के 789 छात्र-छात्राओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दसवीं और बारहवीं परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले बुनकर परिवारों के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में राशि वितरित करेगा। सहकारी संघ संचालक मंडल की हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह प्रोत्साहित राशि प्रतिशत के आधार पर चार कैटेगिरी में बांटी गई है, जिसके अनुसार छात्र-छात्राओं को न्यूनतम 4100 रुपए से लेकर अधिकतम 20100 रुपए की प्रोत्साहित राशि दी जाएगी।

**छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित के संचालक मंडल की बैठक में प्रस्ताव पारित**

### दसवीं के 430 विद्यार्थियों को बंटेगा 35.27 लाख रुपए

हथकरघा विपणन सहकारी संघ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं के लिए इस बार प्रदेश के 17 जिलों में बुनकर परिवारों के 430 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। इसके तहत इन चयनित विद्यार्थियों को कुल 35 लाख 27 हजार रुपए की प्रोत्साहित राशि वितरित की जाएगी। यह राशि बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रतिशत के अनुसार चार केटेगरी में बांटी जाएगी, जो क्रमशः 60 से 70 प्रतिशत तक 4100 रुपए, 70 से 80 प्रतिशत तक 8100 रुपए, 80 से 90 प्रतिशत 12100 रुपए तथा 90 से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को 16100 रुपए प्रोत्साहिन राशि दी जाएगी।



### 17 जिलों से 789 का चयन

प्रदेश के 17 जिलों से 789 विद्यार्थियों का प्रोत्साहन पुरस्कार राशि के लिए चयन हुआ है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। जल्द ही कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह राशि वितरित की जाएगी।

– **एमएम जोशी**, सचिव, राज्य हथकरघा विकास एवं विपरण सहकारी संघ मर्यादित रायपुर

### बालोद और राजनांदगांव में सबसे अधिक विद्यार्थियों का चयन

दसवीं और बारहवीं में प्रोत्साहन पुरस्कार राशि के लिए प्रदेशभर में सबसे अधिक बालोद और राजनांदगांव में विद्यार्थियों का चयन किया गया है। बालोद में 257 एवं राजनांदगांव में 213 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसी प्रकार अन्य जिलों में क्रमशः महासमुंद 9, गरियाबंद 20, बस्तर 4, रायपुर 12, धमतरी 57, बलौदाबाजार 38, रायगढ़ 2, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 15, जांजगीर-चांपा 78, कांकेर 20, बिलासपुर 25 कोरबा 8, दुर्ग 26, बेमेतरा 4 एवं कोंडागांव में सिर्फ दसवीं का एक विद्यार्थी शामिल है।

### बारहवीं के 359 विद्यार्थियों को 32.39 लाख राशि होगी वितरित

इसी प्रकार बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 359 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के लिए चयन किया है। इन विद्यार्थियों को भी प्रतिशत कैटेगरी के अनुसार 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत पाने वालों को 6100 रुपए, 70 से 80 प्रतिशत के बीच 10100 रुपए, 80 से 90 प्रतिशत तक 14100 रुपए तथा 90 से अधिक अंक पाने वालों को 20100 रुपए राशि वितरित की जाएगी। पिछले वर्ष 2024 में प्रदेशभर के 622 विद्यार्थियों को कुल 53 लाख 48 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि वितरित की गई थी।

**संचालक मंडल की बैठक में प्रस्ताव पारित**

चेयरमेन भोजराम देवांगन की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रोत्साहन पुरस्कार राशि से संबंधित प्रस्ताव लाया गया था, जिसे पारित कर दिया है। इस प्रस्ताव के तहत जल्द ही अब कार्यक्रम की तारीख तय की जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में सभी चयनित विद्यार्थियों के खातों में प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर की जाएगी।

## मुख्यमंत्री साय ने मौके पर सुलझाईं समस्याएं, 1950 लोगों ने की मुलाकात

# सेवा, संवेदना और समाधान का सजीव उदाहरण बना मुख्यमंत्री का जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 'जनदर्शन' के माध्यम से अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की पीड़ा सुनते हुए न केवल उसकी समस्या को समझ रहे हैं, बल्कि मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। लोगों की जरूरतों, मांगों और तकलीफों के प्रति यह संवेदनशील और त्वरित दृष्टिकोण यह स्पष्ट करता है कि संवेदनशीलता ही सुशासन के केंद्र में है। जब जन आकांक्षाओं को उनकी सहृदयता से दिशा मिलती है, तब अंत्योदय की संकल्पना साकार होती है।

राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री के शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन आज सेवा, संवेदना और समाधान का सजीव उदाहरण बन गया। जनदर्शन में आए लोगों से कुल 1950 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के दूर-दराज़ अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्पष्ट निर्देश दिए। कई जरूरतमंदों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई, जिससे यह संदेश और मजबूत हुआ कि जन सरोकारों से जुड़ी समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### जनदर्शन में मिले आवेदनों पर कार्यवाही सुनिश्चित हो

जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, यह केवल आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आम जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी जरूरतमंद नागरिक को अनावश्यक भटकना न पड़े।

### दिव्यांगजनों के जीवन में लौटी गतिशीलता

जनदर्शन ने कई दिव्यांगजनों के जीवन में नई उम्मीद जगाई। रायपुर के खमतराई निवासी जीवन दास मानिकपुरी और आरंग के भारत साहू को मुख्यमंत्री द्वारा बैटरीचलित ट्राइसिकल प्रदान की गई। ट्राइसिकल पाकर उनके चेहरे पर आत्मनिर्भरता की मुस्कान स्पष्ट झलक रही थी। अब उन्हें आवागमन के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसी तरह रायपुर के चंदू यादव और सुमन साहू को ट्राइसिकल एवं व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं, सुनने की क्षमता खो चुके सागर नायक और उमेश पटेल को तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए गए, जिससे वे फिर से दुनिया की आवाजें सुन सकेंगे।

### लकवा पीड़ित बसंती को 5 लाख रुपए की सहायता

जनदर्शन में महासमुंद जिले के ग्राम बड़ेटेमरी की बसंती साव की बड़ी उम्मीद पूरी हुई। पैरों से लकवाग्रस्त बसंती ने अपने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता और पारिवारिक स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई। उल्लेखनीय है कि बसंती को शासन से 75 हजार रुपए की सहायता मिल चुकी है।

### राव को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

जनदर्शन में रायपुर के तात्यापारा निवासी 60 वर्षीय अविवाहित श्रमिक हनुमंत राव की समस्या का भी मौके पर ही समाधान हुआ। माता-पिता के निधन के बाद राशन कार्ड की पात्रता को लेकर परेशान श्री राव ने मुख्यमंत्री को अपनी व्यथा बताई। मुख्यमंत्री ने उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी और उपस्थित अधिकारियों को तत्काल राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए, जिससे वे अब शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### तीन दिव्यांगों को तात्कालिक सहायता

मुख्यमंत्री ने सूरज नगर लाभांडी, रायपुर निवासी 17 वर्षीय दिव्यांग राज शर्मा को दोनों पैरों से दिव्यांग होने के कारण 20 हजार रुपए की तात्कालिक आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया। साथ ही फूल गिरी गोस्वामी को पुत्री के विवाह हेतु 20 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई। रायगढ़ निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग ओमप्रकाश निषाद को उच्च शिक्षा के लिए भी मुख्यमंत्री द्वारा 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल स्वीकृत की गई।

# तेलीबांधा की तरह प्रदेश के सभी निगमों में एक-एक तालाब का पीपीपी मॉडल पर होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में जिस तरह तेलीबांधा तालाब का विकास किया गया है, उसी तरह प्रदेश के सभी नगर निगम में एक-एक तालाब का विकास किया जाएगा। यह काम पीपीपी यानी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल पर किया जाएगा।

### जारी किया ये आदेश

इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्त को आदेश जारी किया है। कहा गया है कि नगर पालिक निगम रायपुर स्थित तेलीबांधा तालाब के तर्ज पर प्रदेश के समस्त नगर पालिक निगमों में न्यूनतम एक तालाब के विकास संचालन-संधारण, प्रबंधन एवं रखरखाव हेतु आरएफपी प्रारूप पर सहमति दी जाती है।

### ये है परियोजना का औचित्य

नगर निगमों में एक एक तालाब के विकास की जरुरत क्यों पड़ी। इस संबंध में रिक्वेस्ट आफ प्रपोजन यानि आरपीएफ में कहा गया है कि शहरों में देखा गया है कि हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास को देखा है, जिससे शहरी विकास में वृद्धि हुई है, जनसंख्या घनत्व बढ़ा है, और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक सुविधाओं की मांग बढ़ी है। बढ़ते व्यावसायिक गतिविधियों ने मनोरंजन, स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव के लिए सुलभ हरित स्थानों को विकसित करके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर किया है, साथ ही स्थानीय आबादी के लिए आजीविका के अवसर भी पैदा किए हैं।

### पर्यटन और छोटे कारोबार भी चलेंगे

तालाबों के विकास से पर्यटन और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े सूक्ष्म उद्यमों और रोजगार के अवसरों को सक्षम करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ हीएकीकृत जल निकाय कायाकल्प और आर्द्रभूमि संरक्षण के माध्यम से पारिस्थितिक बहाली और दीर्घकालिक स्थिरता को बढ़ावा भी मिलेगा।

### ये हैं मुख्य उद्देश्य

तालाबों को संवारने के पीछे उद्देश्य है कि बच्चों, परिवारों और बुजुर्गों के लिए समावेशी मनोरंजक क्षेत्रों का निर्माण हो। सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, आध्यात्मिक सभाएं, सरकारी कार्यक्रम आदि के लिए खुले स्थानों का प्रावधान हो।

### लागू होगा पीपीपी मोड

परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत डीईएफओटी मॉडल पर लागू करने का प्रस्ताव है, जो सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के डिजाइन, विकास और दीर्घकालिक प्रबंधन में निजी क्षेत्र की दक्षता का लाभ उठाएगा। इसके साथ ही झील,जल निकाय का कायाकल्प, पानी के उपचार पर ध्यान केंद्रित करना, प्राकृतिक जैविक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके जल निकाय के स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल प्रबंधन को सुनिश्चित करना, जिसमें पत्थर की पिचिंग शामिल है। समझौते पर हस्ताक्षर की तारीख से बारह महीनों के भीतर विकास कार्य पूरा करेगा और समझौते में परिभाषित रियायत अवधि के दौरान पूरी साइट के संचालन, प्रबंधन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार होगा। इन सुविधाओं के संचालन और रखरखाव के लिए, प्राधिकरण ने सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल को चुना है।

## राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में कश्यप

# वाहन सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों का कराया जाएगा कड़ाई से पालन

**दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के उपयोग को सख्ती से किया जाए लागू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवहन मंत्री केदार कश्यप गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए। मुख्य फोकस सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर रहा। उन्होंने कहा, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकतर मौतें सुरक्षा उपायों के पालन न करने के कारण होती हैं। उन्होंने सभी राज्यों को निर्देशित किया कि वाहन चालकों एवं सहयात्रियों द्वारा सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट के उपयोग को सख्ती से लागू किया जाए।

बैठक में परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ में संचालित



परिवहन से संबंधित योजनाओं, परियोजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी केंद्रीय मंत्री को दी। इस अवसर पर सचिव, परिवहन विभाग एस. प्रकाश भी उपस्थित थे। ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोर कार्रवाई को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का अहम उपाय बताया गया। बैठक में ओवरलोड वाहनों पर नियमित जांच, तकनीकी निगरानी, प्रवर्तन कार्यवाही और कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू करने पर सहमति बनी।

### जागरूकता अभियान चलाएं

सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियानों, सड़क सुरक्षा मित्रों की भागीदारी, तथा स्कूल-कॉलेज स्तर पर यातायात नियमों के प्रचार-प्रसार पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के कैशलेस उपचार, हिट एंड रन मामलों में मुआवजा व्यवस्था, वाहन सुरक्षा के नए प्रावधान, तथा मोटर व्हीकल अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### सभी परिवहन कार्यालयों में ई-ट्रैक निर्माण की योजना

मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी परिवहन कार्यालयों में सेंसर आधारित ऑटोमेटेड कंप्यूटरीकृत ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक (ई-ट्रैक) बनाने की योजना पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा, ई-ट्रैक से केवल कुशल चालक ही ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे, इससे सड़क सुरक्षा में सुधार होगा।

# मनरेगा पर कांग्रेस की कामयाबी तथा भाजपा की दुर्भावना, जनता के बीच ले जाने की बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं कार्यक्रम आयोजन की रणनीति बनी। वहीं एसआईआर में वंचित पात्र मतदाताओं का नाम जुड़वाने एवं प्रदेश में चल रही धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, पूरा विपक्ष मनरेगा के संशोधन के विरोध में है। मनरेगा संशोधन को लेकर भाजपा भ्रम फैला रही है। यह मनरेगा को खत्म करना चाहती है। गांव में जो भूमिहीन लोग हैं, वे मनरेगा में संशोधन से प्रभावित होंगे। पहले यह कानून था, अब योजना बना दिया। दुनिया में यह अकेला कानून था, जो रोजगार को संवैधानिक अधिकार देता है। पहले 15 दिन रोजगार नहीं देने पर 16वें दिन भत्ते का प्रावधान था। इनका उद्देश्य इसको खत्म कर दिया। पहले ग्राम पंचायत को ताकत थी काम कराने की। पहले केंद्र राज्यांश 90-100 था इन्होंने उसको 60-40




कर दिया। एआईसीसी के कैलेंडर के अनुसार हमको आंदोलन करना है। इसको हम जनता के बीच कांग्रेस की कामयाबी तथा भाजपा की दुर्भावना के रूप में जनता के बीच ले जाना है। मोदी सरकार ने जैसे तीन कृषि कानून वापस लिया, अधिग्रहण कानून वापस लिया वैसे ही मनरेगा संशोधन भी वापस लेगी।

### छत्तीसगढ़ में मात्र 28 दिन औसत कार्य दिवस

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मोदी ने पहले मनरेगा को कांग्रेस की विफलता का स्मारक बताया था, फिर इसके बजट में 65 प्रतिशत कटौती कर दिया, मोदी सरकार ने 100 दिन के बदले मनरेगा में राष्ट्रीय औसत काम देने का 37 कार्य दिवस है। छत्तीसगढ़ में यह औसत मात्र 28 दिन था, वर्तमान में छत्तीसगढ़ बजट भी कम दिया, काम भी बंद किया, जिससे छत्तीसगढ़ से लगभग 7.5 लाख लोग पलायन कर असम, महाराष्ट्र, यूपी, कश्मीर जैसे राज्य गये है।

### जनता को इससे होने वाले नुकसान को बताना होगा

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, मनरेगा बचाओ आंदोलन आम आदमी तथा मजदूरों के हित की लड़ाई है। हमें इसको गंभीरता से लेना है तथा केंद्र को बाध्य करना है कि वह मनरेगा बचाओ कानून वापस ले। मनरेगा की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना है। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, मनरेगा के प्रावधानों तथा वर्तमान संशोधनों को हमें जनता के बीच लेकर इस संशोधन से होने वाले नुकसान को बताना होगा।

### ऐसी होगी आंदोलन की रूपरेखा

जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम के कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर भी चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया कि प्रदेश भर में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम पूरी गंभीरता से चलाया जायेगा। 10 जनवरी से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलेगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने की सुनवाई

# नौकरी लगाने के नाम पर 4 महिलाओं से लाखों की ठगी महिला आयोग ने दिया एफआईआर करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में ठगी के मामले में भी पहुंचने लगे हैं। आयोग ने गुरुवार को जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव थाना क्षेत्र में रहने वाली चार महिलाओं के साथ एक महिला आरोपी ने जिंदल स्टील पावर प्लांट में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में सुनवाई की।

इस सुनवाई में पीड़ित महिलाओं ने बताया कि पैसे लेने के बाद न ही नौकरी लगी और न ही उनके द्वारा दिए गए पैसे वापस मिले। इस प्रकरण में आयोग ने



संबंधित थाना को पत्र लिखकर एफआईआर करने का आदेश जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने रायपुर स्थित कोर्ट में महिला उत्पीड़न से संबंधित कई प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में 4 महिलाओं ने शिकायत की थी कि जिंदल कंपनी रायगढ़ में नौकरी लगवाने के नाम पर अनावेदिका ने उनसे लाखों रुपए लिए हैं। अनावेदिका ने दो आवेदिकाओं से 10-10 लाख रुपए तथा एक से 5 एवं अन्य एक आवेदिका से 6 लाख रुपए लिए हैं। इस तरह चारों से कुल 31 लाख रुपए लिए है। रुपए लेने के बाद भी इन चारों की जिंदल में नौकरी नहीं लगवाई गई और न ही उन्हें पैसे वापस लौटाए गए। आयोग ने माना कि महिलाओं के साथ धोखाधड़ी और षड़यंत्र हुआ है। इसके लिए आयोग ने थाना सारागांव को पत्र जारी कर इस मामले में एफआईआर करने का आदेश दिया है।

### आवेदिका ने बहू के विरुद्ध झूठी शिकायत की

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने अपनी बहू के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी। आयोग ने जब मामले की सुनवाई कि तो पता चला कि आवेदिका का बेटे का चरित्र सही नहीं है और उसका दूसरी महिलाओं के साथ भी अवैध रिश्ता है। इस संबंध में अनावेदिका ने आयोग में सबूत के तौर पर उसके पति का दूसरी महिलाओं के साथ खिंची फोटो भी प्रस्तुत किया। इन फोटो को देखकर आयोग ने आवेदिका की शिकायत को गलत पाया और इस मामले में अनावेदिका से कहा कि अगर चाहे तो वह अपनी सास और पति के विरुद्ध एफआईआर करा सकती है।





हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजुकेशन अलर्ट

### 11 को आयोजित होगा आईसीएआई महिला नेटवर्किंग कॉन्क्लेव





**रायपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वुमेन यंग मेंबर एक्सीलेंस कम्युनिटी द्वारा सीए महिला नेटवर्किंग कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन रविवार, 11 जनवरी को होटल बैबिलन कैपिटल, वीआईपी चौक में किया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय स्तर के भव्य आयोजन की मेज़बानी आईसीएआई रायपुर शाखा द्वारा की जा रही है। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में देश की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करेंगी। स्मृति मीनाक्षी लेखी, सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व सांसद एवं भारत सरकार की पूर्व विदेश राज्य मंत्री, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

वहीं, स्मृति सुनीता दुग्गल, आईआरएस एवं हरियाणा की पूर्व सांसद, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं युवा सदस्यों के लिए नेतृत्व विकास, रोजगार क्षमता, उद्यमिता और प्रोफेशनल नेटवर्किंग को सशक्त बनाना है।

#### विशेषज्ञ देंगे मार्गदर्शन

यह मंच वित्त, बैंकिंग, कानून, स्टार्ट-अप्स, लक्ज़री ब्रांड्स और कॉरपोरेट लीडरशिप जैसे विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों से जुड़ने का प्रभावशाली अवसर प्रदान करेगा। सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण होंगी सीए शिवानी अग्रवाल, छह बार की केटलबेल वर्ल्ड चैंपियन, ट्रेड एक्स स्पीकर एवं प्रसिद्ध जीएसटी विशेषज्ञ। वे अपनी प्रेरणादायी यात्रा के माध्यम से महिला सदस्यों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ नेतृत्व की ओर प्रेरित करेंगी। इसके अतिरिक्त सीए शिवम पालन, ट्रेड एक्सस्पीकर एवं सीएम मॉक के सह-संस्थापक, द्वारा 'वर्क फ्रॉम होम अवसर - चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए' विषय पर एक विशेष ब्रेक-आउट सत्र आयोजित किया जाएगा, जो विशेष रूप से महिला सीए सदस्यों को लचीले और स्थायी कॅरियर विकल्पों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

## कल से सड्डू स्थित रामा वर्ल्ड गैलेरिया में कदम संस्था का पेंटिंग एग्जीबिशन

# कला में दिखेगी वैज्ञानिक सोच, कैनवास और पत्थरों में उकेरी गई भावनाओं की गहराई भी

**बदलते समय के साथ कलाकारों की सोच और कला की शैली में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब कैनवास पर बनने वाली पेंटिंग्स सिर्फ रंगों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि इनमें प्रकृति, आधुनिक तकनीक और सामाजिक भावनाओं की गहराई दिखाई दे रही है। इसी नई सोच की झलक 10 जनवरी को सड्डू स्थित रामा वर्ल्ड गैलेरिया में आयोजित पेंटिंग एग्जीबिशन में देखने को मिलेगी। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, कोलकाता और छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकारों की विविध विषयों पर आधारित कलाकृतियां प्रस्तुत की जाएंगी। कदम संस्था द्वारा आयोजित इस एग्जीबिशन में रायपुरवासियों को पहली बार इतिहास, प्रकृति, भावनात्मक विषयों, पत्थर और आधुनिक दृष्टिकोण पर आधारित पेंटिंग्स एक ही मंच पर देखने को मिलेंगी।**

**रायपुर।** संस्था की संस्थापक सरिता अग्रवाल ने बताया कि कदम ने कलाकारों को अपनी रचनात्मकता को समाज तक पहुंचाने का एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। इस एग्जीबिशन में कई कलाकृतियां बिक्री के लिए भी उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब कलाकार पारंपरिक ब्रश के बजाय पत्थर, लकड़ी और कपड़े जैसे माध्यमों का भी उपयोग कर रहे हैं।



यह न केवल कला की विविधता को दर्शाता है, बल्कि दर्शकों को सोचने पर भी मजबूर करता है। कुछ पेंटिंग्स में शोध पर आधारित प्रस्तुतियां भी शामिल हैं, जो इस एग्जीबिशन को और भी खास बनाएंगी।

### पेंटिंग्स में पेड़ और पत्थरों की सूक्ष्म संरचना को दर्शाया

कला केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि उसके पीछे गहरी रिसर्च और सोच होती है। कई बार एक पेंटिंग को देखने मात्र से उसके भावों को समझना मुश्किल होता है, लेकिन हर ब्रश स्ट्रोक के पीछे कलाकार की मेहनत और अध्ययन छिपा होता है। दिल्ली से आए कलाकार सुनील यादव ने जियोमैटिक पेंटिंग प्रस्तुत की है, जो दर्शकों को विज्ञान और प्रकृति की गहराइयों से जोड़ती है। उन्होंने बताया कि जब हम किसी तस्वीर को जूम करते हैं तो जो पिक्सल्स नजर आते हैं, वही इस पेंटिंग की प्रेरणा बने हैं। सुनील की पेंटिंग्स में पेड़ और पत्थरों की सूक्ष्म संरचना को दर्शाया गया है, जिन्हें आम आंखों से देखना संभव नहीं होता। इन सूक्ष्म विवरणों को देखने के लिए जैसे लेंस की जरूरत होती है, ठीक वैसे ही उन्होंने इन तत्वों को अपने आर्ट में उकेरा है। उनकी यह वैज्ञानिक और कलात्मक सोच, दर्शकों को पेंटिंग की एक नई दुनिया से परिचित करवा रही है।



### दिनभर खुला रहेगा एग्जीबिशन

सड्डू स्थित रामा वर्ल्ड गैलेरिया में आयोजित आर्ट एग्जीबिशन में दर्शक दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक कलाकृतियों का अवलोकन कर सकेंगे। इस एग्जीबिशन में 100 से अधिक पेंटिंग्स और आर्टवर्क प्रदर्शित की जाएगी, जो विभिन्न विषयों और शैलियों पर आधारित होंगी। यहां न केवल कला प्रेमी आर्ट को देख पाएंगे, बल्कि चाहे तो कलाकृतियों को खरीद भी सकते हैं। इतिहास, प्रकृति, आधुनिक सोच, और भावनात्मक प्रस्तुतियों से जुड़ी पेंटिंग्स एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगी। यह आयोजन शहरवासियों के लिए एक अनोखा कला अनुभव होगा।



### एग्जीबिशन में पत्थर से बनी कलाकृतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

सड्डू स्थित रामा वर्ल्ड गैलेरिया में आयोजित पेंटिंग एग्जीबिशन में कुल 16 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं। हर कलाकार की कला अपनी अलग पहचान बना रही है। किसी ने कैनवास पर अपने विचारों और भावनाओं को रंगों के जरिए उतारा है, तो किसी ने फूल, पेड़ और खासतौर पर पत्थर को अपनी कला का माध्यम बनाया है। इस एग्जीबिशन में मार्मिक आर्ट लोगों का खास ध्यान खींचेंगी। वहीं, पत्थर से बनी कलाकृतियां दर्शकों का मन मोह लेगी। दर्शक इन अनोखी प्रस्तुतियों से काफी प्रभावित होंगे। संस्था की संस्थापिका सरिता अग्रवाल ने बताया कि कोविड काल के दौरान उन्हें पेंटिंग के क्षेत्र से जुड़ने का अवसर मिला। इस दौरान कई युवा कलाकारों से भी मुलाकात हुई, जो कला के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे थे। रायपुर में पहली बार इस तरह की अनूठी एग्जीबिशन आयोजित जा रही है, जहां युवा और उभरते कलाकारों को एक प्रभावी मंच दिया गया है, जिससे वे सीधे लोगों से जुड़ सकें और अपनी कला को व्यापक पहचान दिला सकें।

## सिटी इवेंट

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स : चयन ट्रायल में शामिल हुए एक हजार से अधिक खिलाड़ी



**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अगले महीने आयोजित किए जाने वाले खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ की टीम के चयन के लिए तीन दिनों तक चले ट्रायल में प्रदेशभर के एक हजार से अधिक जनजातीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। नेशनल ट्राइबल गेम्स में शामिल सात खेलों के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में ट्रायल हुए। रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में कुश्ती, फुटबॉल और वेट-लिफ्टिंग के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था। वहीं, सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी के ट्रायल हुए। बिलासपुर के राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में तीरंदाजी और एथलेटिक्स तथा सरकंडा स्थित जिला खेल परिसर में तैराकी खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल हुए। राज्य के अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों ने दोनों शहरों में आयोजित चयन ट्रायल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

#### राज्य की टीम में चयन के लिए दावेदारी की

रायपुर में संपन्न चार खेलों के चयन ट्रायल में कुल 558 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इनमें 355 पुरुष और 203 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। बालोद जिले के 55, बस्तर के 31, बीजापुर के 9, गरियाबंद के 6, जांजगीर-चांपा के 3, जशपुर के 92, कबीरधाम के 36, कांकेर के 51, कोंडागांव के 23, कोरबा 9, महासमुंद के 14, रायगढ़ के 21, राजनांदगांव के 16, सरगुजा के 23, सुकमा के 31, धमतरी के 13, दुर्ग के 11, बेमेतरा के 4, बिलासपुर के 8, दंतेवाड़ा के 19, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के 6, रायपुर के 12, बलौदाबाजार-भाटापारा के 4, बलरामपुर-रामानुजगंज के 12, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 4, कोरिया के 4, नारायणपुर के 27, सक्ती के 4 तथा सूरजपुर के 10 खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया। रायपुर में हॉकी में 148, कुश्ती में 37, वेट-लिफ्टिंग में 40 तथा फुटबॉल में 333 खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हुए। वहीं, बिलासपुर में तीन खेलों में 470 खिलाड़ियों ने राज्य की टीम में चयन के लिए दावेदारी की। चयन ट्रायल के दौरान विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी दी।

### कांदुल में 11 को लोक खेल का आयोजन

रायपुर। सांस्कृतिक गतिविधियों पर आधारित रायपुर जिला लोक खेल एसोसिएशन के तत्वावधान में लोक खेल दिवस पर 11 जनवरी को ग्राम कांदुल में 'लोक खेल जलसा 2026' का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत गिल्ली-डंडा, पुधव पूक और गेड़ी दौड़ प्रतियोगिताएं होंगी। लोक खेल उन्नयन के अभियान में लोक खेल जलसा का 37वां वर्ष है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू होंगे। अध्यक्षता कांदुल सरपंच तिलेश्वरी धुरंधर करेंगी। विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उक्त जानकारी संयोजक चंद्रशेखर चकोर और रायपुर जिला लोक खेल एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने जानकारी दी है।

## कपड़े से बनी पतंग की बढ़ी मांग







*इस बार मकर संक्रांति पर बाजारों में कपड़े से बनी पतंगों की डिमांड बढ़ गई हैं। लोग पतंग की मजबूती और टिकाऊपन को देखते हुए कागज की बजाय कपड़े से बनी पतंग खरीदना पसंद कर रहे हैं। खासतौर पर तेज हवा में उड़ान भरने और ऊंचाई पर टिके रहने के लिए कपड़े की पतंगों को बेहतर माना जा रहा है।*

## चतुर्थ मंगलपाठ व भजन संध्या में देशभर के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**रायपुर।** श्री देवसर वाली माता का भव्य, दिव्य व अलौकिक चतुर्थ मंगलपाठ रविवार 11 जनवरी को छेरीखेड़ी स्थित एस.एन. पैलेस में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक श्री देवसर माता सेवा समिति रायपुर है। आयोजकों ने बताया कि देवसर धाम भिवानी के पुजारी वेदप्रकाश जी द्वारा दोपहर 12 बजे माता की पूजा- अर्चना संपन्न कराई जाएगी। जिसमें सवामणि, छप्पन भोग, मेवा भोग, पान भोग व फल भोग लगाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से मुंबई के मशहूर मंगलपाठ वाचक व भजन गायक रामअवतार अग्रवाल एवं कोलकाता के मधुसूदन शर्मा द्वारा संगीत व नृत्यमय महा मंगलपाठ का वाचन किया जाएगा। मेंहदी, चुनरी, गजरा, बधाई, प्रकट उत्सव मनाया जाएगा।

मंगलपाठ के रचयिता कोलकाता के रविन्द्र केजरीवाल श्रद्धालुओं को व्याख्यान देंगे। संध्या 6 बजे से बिहार की भजन गायिका अंकिता शर्मा एवं रायपुर के तरूण सोनी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। राजस्थान के रामू मारवाड़ी एवं टीम द्वारा विश्व प्रसिद्ध भवाई, लीलण व मटकी डांस से समा बांधेंगे। मंगलमूर्ति नृत्य नाटिका ग्रुप कोलकाता द्वारा नृत्य व झांकी की प्रस्तुति दी जाएगी। मास्टर कपीश अग्रवाल बांसुरी वादन के द्वारा भजनों को लय देंगे। इस दौरान धार्मिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को कोलकाता के कलाकारों द्वारा आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। वहीं, महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।

## आज से 11 जनवरी तक राज्य स्तरीय फल, फूल और सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन

# देसी और विदेशी 70 किस्मों के फूलों से सजा गांधी उद्यान 50 साल से अधिक आयु वाले मिलेंगे दुर्लभ बोनसाई

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के गांधी उद्यान में 9 जनवरी से 11 जनवरी तक राज्य स्तरीय फल, फूल और सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी प्रकृति की ओर सोसायटी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और नाबार्ड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। रजत जयंती थीम पर आधारित होगी प्रदर्शनी। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस वर्ष प्रदर्शनी को रजत जयंती थीम पर सजाया गया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन को फूलों से निर्मित किया गया है। रायपुर का घड़ी चौक मिलेट्स की रंगोली और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा।







### प्रदर्शनी में देसी-विदेशी फूल और दुर्लभ पौधे होंगे आकर्षण

प्रदर्शनी में देसी और विदेशी 60 से 70 किस्मों के फूल और 22 प्रकार के विदेशी फूल, अलग-अलग किस्म के फल और सब्जियां देखने को मिलेंगे। 50 साल से अधिक आयु वाले दुर्लभ बोनसाई पौधे आकर्षण का केंद्र होंगे। उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे, वहीं समापन 11 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे।

### 33 जिलों के किसान लेंगे हिस्सा

प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से किसान अपने बेहतरीन उत्पाद लेकर आएंगे। यहां कृषि उत्पादों की प्रतियोगिता, विजेताओं को पुरस्कार, फूलों की सजावट प्रतियोगिता, सलाद प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। 10 जनवरी को एक विशेष वर्कशॉप आयोजित की जाएगी, जिसमें युवा, किसान, स्वयं सहायता समूह शामिल होंगे। विशेषज्ञों द्वारा जलवायु परिवर्तन, खेती और कृषि आधारित स्टार्टअप पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य प्रदर्शनी संयोजक डॉ. अनिल चौहान ने बताया कि यह प्रदर्शनी पिछले 16 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य समाज को प्रकृति से जोड़ना, किसानों और आम लोगों को बेहतर फल, फूल और सब्जियों की जानकारी देना है। साथ ही लोगों में बागवानी के प्रति रुचि बढ़ाना है।

धर्म लाइव

## अभ्युदय संस्थान के रजत जयंती उत्सव का 10 को होगा आगाज

**रायपुर।** मानव चेतना विकास केंद्र अभ्युदय संस्थान अछोटी की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती उत्सव का भव्य आगाज 10 जनवरी को होगा। इस दो दिवसीय उत्सव में संस्थान के गौरवशाली यात्रा को याद किया जाएगा। संस्थान मध्यस्थ दर्शन के प्रकाश में मानवीय शिक्षा, चेतना विकास एवं समाज व्यवस्था के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर रही है। इसके प्रणेता ए. नागराज के मार्गदर्शन और पं. राजन शर्मा के नेतृत्व में 11 परिवारों द्वारा संस्थान की स्थापना वर्ष 2000 में की गई। यह राजधानी से सटे कुम्हारी-अहिवारा के बीच अछोटी के पास स्थित है। 10 को सुबह चेतना विकास मूल्य शिक्षा-अध्ययन, अभ्यास, प्रयास और उपलब्धियों पर चर्चा होगी।




### दो दिनों तक उत्सव के लिए सजेगा मंच


इसमें एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। दोपहर बाद शाम 4 बजे से अभिभावकों और विद्यालय के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। दूसरे दिन 11 जनवरी को सुबह पहले सत्र में मूल्य शिक्षा से मानवीय व्यवस्था में अभ्युदय संस्थान की भूमिका पर चर्चा होगी। 11 बजे जन संवाद होगा, जिसमें परिवारमूलक स्वराज्य व्यवस्था-मध्यस्थ दर्शन के अध्येता अनुभव साझा करेंगे। शाम को अभिभावकों और विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें शाम 4 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं ऐश्वर्या सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

धर्म लाइव

## बच्चों ने कैनवास पर उकेरे जीवन के रंग, प्रदर्शनी में सजाई कृतियां

**रायपुर।** बच्चों का ध्यान मोबाइल से हटाने और उन्हें रचनात्मकता से जोड़ने के लिए प्रदीप पिल्ले एवं मृदुला शुक्ला ने चित्रकला प्रदर्शनी में उनकी कृतियों को सजाते हुए हौसला अफजाई के लिए पहल की। दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम की सदस्य जानकी गुप्ता ने बताया कि कला के प्रति लगाव रखने वाले चित्रकला प्रेमियों के विशेष सहयोग से बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रों की दो दिवसीय सुंदर प्रदर्शनी नेहरू आर्ट गैलरी में सजाई गई।

जानकी गुप्ता ने बताया कि इसमें स्कूली बच्चों ने जीवन के कई रंगों को सहज भाव से संजोने का प्रयास किया। किसी ने जल संकट तो किसी ने बाल शिक्षा के दृश्यों को कैनवास पर आकर्षक स्वरूप दिया। इसमें रंगों का तालमेल भी बेजोड़ रखने का प्रयास बच्चों ने किया।



### इस तरह के प्रयास से बढ़ेगा आत्मविश्वास

आयोजन को लेकर जानकी गुप्ता ने बताया कि इस तरह के प्रयास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है। इस लिहाज से चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा तैयार की गई रचनाओं को विषय के आधार पर दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा किए गए सार्थक प्रयास को प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे कला प्रेमियों ने भी सराहा। नन्हे और विशेष कलाकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को लोगों से अच्छा रिस्पांस मिला। कल्पना की दुनिया में विशेष बच्चों के रंग ने चार चांद लगाने का प्रयास किया। आगे भी इस तरह के आयोजनों से बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस तरह के प्रयास से विशेष बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है।

समाज इवेंट

## ऑडिटोरियम में आज रहेगी वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की धूम

**रायपुर।** शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को सुबह 11 से रात 08 बजे तक कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना 11वें वर्ष वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह उत्सव मनाने जा रहा है। डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि हर साल की तरह पारंपरिक अंदाज में इस बार वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा तैयार की गई प्रस्तुतियों का सिलसिला अलग-अलग तय समय में होंगे। सबसे पहले नर्सरी के प्रतिभागियों को मंच दिया जाएगा। इनकी प्रस्तुतियों का दौर शुरू होगा। इसके बाद कक्षा पहली से 12वीं तक विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का क्रम दोपहर तीन बजे से रात 08 बजे तक चलेगा। इसका संचालन करने अलग-अलग टीम बनाई गई है। इसके साथ ही मंच संचालन का दायित्व भी तय किया है, ताकि छात्र-छात्राओं को परफॉरमेंस का अवसर मिले। इस उत्सव का हिस्सा बनने के लिए छात्र-छात्राओं के साथ उनके पालक भी आते हैं। इससे सुबह से रात तक गीत-संगीत का माहौल बनेगा।

### नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन संघ का कैलेंडर विमोचित

**रायपुर।** नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सीएम निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय में कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान संघ के प्रतिनिधियों द्वारा एक बार पुनः नर्सिंग संवर्ग से जुड़ी लंबित मांगों से शासन को अवगत कराया गया। संघ की प्रदेशाध्यक्ष डॉ रीना राजपूत, रंजना ठाकुर, सुमन देवांगन, शीतल सोनी व अन्य इस दौरान मौजूद रहे।



राजधानी की उद्यमी महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा रहीं कदम, प्रोडक्ट लेने देश ही नहीं, विदेशों से भी मिल रहे आर्डर

# उद्यमी महिलाओं ने भरी हौसले की उड़ान, कोसा साड़ी को दे रहीं लुक, कीड़ा जड़ी मशरूम से कमा रहीं लाखों

एक समय था, जब महिलाएं व्यावसाय से कोसों दूर रहती थीं, लेकिन अब समय के साथ बदलाव भी देखने को मिलने लगा है। किसी ने सालभर पहले तो किसी ने दशक बिता दिया, उद्यमी के रूप में स्थापित करने में लगा दिया। इनमें कोसा साड़ियों की डिजाइन में कृषि की झलक को नारी शक्ति के परिधान में प्रिंट करके खास लुक दे रही हैं। वहीं, महिला उद्यमी औषधीय क्रीड़ा जड़ी मशरूम से लाखों रुपए कमा रही हैं। देशी गौवंश से औषधीय उत्पाद बनाकर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से मिलने वाले ऑनलाइन आर्डर को भी पूरा करने लगी हैं।



**सालाना लाखों की कमाई के लिए की ट्रेनिंग** : रोहिणीपुरम में ममता अग्रवाल ने बताया कि महंगे कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस जिसे कीड़ा जड़ी मशरूम के रूप में लोग जानते हैं, इसको उगाने के साथ इससे आय कैसे अर्न करनी है, इन तमाम चीजों की जानकारी लेने के लिए डायरेक्ट्रेड ऑफ रिसर्च सेंटर हिमांचल से संपर्क किया। उसके बाद सालभर पहले घर के 200 वर्गफीट एरिया में मशरूम को उगाने का सिलसिला शुरू किया। जो हर महीने करीब एक किलो की क्वॉंटिटी में मिलता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने सहित कई तरह की दवाओं में इसे इस्तेमाल किया जाता है। देश के दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू, पुणे जैसे शहरों के अलावा अबुधाबी में रहने वाले परिचितों से मिलने वाले आर्डर पूरा करते हैं।



**रायपुर।** लाइफ को स्किल्ड करने के साथ ही महिलाएं व्यापार के क्षेत्र में भी मजबूत कदम बढ़ा रही हैं। इसके लिए महिला चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स की अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने अपनी टीम से जुड़ी आभा मिश्रा और मीनाक्षी टूटेजा के साथ मिलकर प्रदेश की उद्यमी महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोडक्ट डिस्प्ले करने के लिए 200 उद्यमी महिलाओं को बाजार देना शुरू किया है। इसका अच्छा रिस्पांस भी मिलने लगा है। हरिभूमि ने महिला उद्यमियों से उनकी पहल और उसे किस तरह से बेचने के लिए प्रयास करती हैं, इसके बारे में भी जानने का प्रयास किया। इसमें कई रोचक बातें सामने आईं। जो आत्मनिर्भरता से कोसों दूर घर-गृहस्थी में ही समय गंवाने वाली गृहणियों के लिए प्रेरक हो सकती है। जिन उद्यमियों से चर्चा की गई, उन्होंने बताया कि छोटे प्रयास से भी आत्मविश्वास बढ़ता है।

### कोसा कला को एक नई पहचान भी मिले

शहर की महिला उद्यमी नम्रता अग्रवाल ने बताया कि बुटिक वर्क का प्रशिक्षण लेने के बाद मन बनाया कि ऐसा काम शुरू किया जाए, जो आय का जरिया ही नहीं बने, बल्कि इससे प्रदेश के कोसा कला को एक नई पहचान भी मिले। इसके लिए पांच बुनकरों को जोड़कर कोसा साड़ियों को स्वयं से तैयार किए गए डिजाइनर्स साड़ियों के रूप में प्रिंटिंग से जोड़ा गया। अभी कोसा साड़ियों में कृषकों के जीवन क्रम के रूप में डिजाइन किया जा रहा है। साथ ही गुजरात, संबलपुरी थीम पर भी साड़ियों को डिजाइन किया जा रहा है। देश के कई शहरों से इसकी डिमांड ऑनलाइन की जाती है। इसके साथ महिला विंग की पहल से बाजार मिलने लगा है। यूएस और यूके से भी कुछेक महिलाओं से साड़ियों के लिए आर्डर मिले हैं।



### पंचगव्य से बना रहे उत्पाद, मिल रहा रिस्पांस

देशी गौवंश आधारित उत्पाद को उपयोगी बनाने की पहल धमतरी में रहने वाली श्रद्धा राठी द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि मां अंगारमोती के नाम से 450 देशी गौवंश का पालन करने के साथ ही उनके पंचगव्य से उपयोगी प्रोडक्ट और औषधि बनाई जाती है। इससे आसपास के 40 ग्रामीणों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। ट्रस्ट के रूप में 12 एकड़ एरिया में गौवंश आधारित प्रोडक्ट तैयार करने रिसर्ट सेंटर है। दंत मंजन, एंटी रेडिएशन पार्ट सहित 40 से भी ज्यादा जरूरी और उपयोगी प्रोडक्ट तैयार किया जाता है। इसे चैम्बर महिला विंग के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। देश के सभी बड़े शहरों के अलावा मलेशिया और ब्रिट्रेन से मिलने वाले आर्डर पर प्रोडक्ट भेजा जाता है।

## शोधकर्ताओं ने बनाया पोर्टेबल बायो- इलेक्ट्रोकेमिकल डिटेक्शन लेबोरेटरी, जल के प्रदूषण की करेगा निगरानी

**रायपुर।** अपशिष्ट जल में एंटी बायोटिक की त्वरित पहचान के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। एनआईटी के बायोटेक्नोलॉजी एवं केमिस्ट्री विभाग के शोधकर्ताओं टुकेंद्र कुमार, लकेश्वर डड़सेना, डॉ. सत्य एस्वरी जुज्जावरापु एवं डॉ. तुंगबिद्या महाराण ने संयुक्त रूप से वर्किंग की। इससे वे एक उन्नत 'पोर्टेबल बायो-इलेक्ट्रोकेमिकल डिटेक्शन लेबोरेटरी इक्विपमेंट' विकसित करने में सफल हुए। यह अभिनव उपकरण अपशिष्ट जल में मौजूद एंटीबायोटिक्स की रियल-टाइम पहचान करने में सक्षम है। इसे सफलता पूर्वक पेटेंट भी करवाया है। वर्तमान समय में अपशिष्ट जल में एंटीबायोटिक्स की बढ़ती उपस्थिति एंटीबायोटिक रेज़िस्टेंस और पर्यावरणीय असंतुलन के लिए एक गंभीर वैश्विक खतरा बन चुका है। ऐसे में इस प्रकार की तकनीक, जो प्रयोगशाला पर निर्भर हुए बिना ऑन-साइट और त्वरित निगरानी संभव बनाती है, सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



### नई दिशा देने में यह तकनीक कारगर

यह नवाचार अपशिष्ट जल में एंटीबायोटिक प्रदूषण की निरंतर निगरानी को सरल, तेज़ और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक रूप से प्रासंगिक तकनीकों के प्रति बढ़ते योगदान को रेखांकित करती है। पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश के प्रयासों को नई दिशा प्रदान करने में यह तकनीक कारगर होगी। इसे तैयार करने वाले शोधकर्ताओं में इस उपलब्धि को लेकर उत्साह है।

### पारंपरिक लैब-आधारित विश्लेषण कठिन

यह डिवाइस बायो-इलेक्ट्रोकेमिकल सिद्धांत पर काम करता है। जिसके माध्यम से यह अपशिष्ट जल में एंटीबायोटिक अणुओं की उपस्थिति की तुरंत पहचान करते हुए कुछ ही समय में सटीक परिणाम प्रदान करती है। इसका पोर्टेबल स्वरूप इसे फील्ड-लेवल परीक्षणों के लिए विशेष रूप से उपयोगी बनाता है। जहां पारंपरिक लैब-आधारित विश्लेषण कठिन और समय-साध्य होता है। वहीं, विशेषज्ञों के अनुसार यह उपकरण सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, फार्मास्युटिकल उद्योग, अस्पतालों के अपशिष्ट जल, नगर निकायों तथा पर्यावरण निगरानी एजेंसियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

## जेसीआई ने मीटिंग में की चर्चा नई पारी के लिए शुरू की तैयारी



**रायपुर।** जेसीआई ने बुधवार को चेप्टर इंचार्ज दीपक श्रीवास्तव के साथ ही पूर्व प्रेसीडेंट विवेक राठौर, विकास गोयल, जयेश पोमल की उपस्थिति में 2026 के लिए तैयारी और पूर्व में किए गए कार्यों पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को एक मीटिंग की गई। इस साल की पहली मीटिंग में सभी के सक्रिय सहयोग और उनके सफल कार्यों की सराहना के साथ नए साल में किस तरह के काम किए जा सकते हैं, इसको लेकर मंथन किया। जेसी गोयल ने सभी जिम्मेदारियों को इससे पहले बखूबी निभाते हुए कुशल मार्गदर्शन से सोशल एक्टिविटी सार्थक रही। इसके लिए सभी ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर को खास बनाने के लिए जेसी गोयल ने सभी एलजीबी टीम को डायरी-भेंट करते हुए उत्साह से आगे भी काम करने के लिए प्रेरित किया।

### सचिव पद का पिन भी किया गया एक्सचेंज

मीटिंग में एलजीबी मेंबर्स के साथ ही सीनियर्स एवं चेप्टर मेंबर्स ने उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ सभी दायित्वों को बड़ी जिम्मेदारी से निभाया। इसके लिए सभी ने एक-दूसरे के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। मीटिंग में सचिव पद का पिन एक्सचेंज भी किया गया। पूर्व सचिव जेसी नंदिनी सोनी को उनके सफल, सक्रिय एवं सराहनीय कार्यों के लिए सराहा गया। वहीं, सचिव 2026 के रूप में भावना प्रधान को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामना देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समर्पण, ऊर्जा और नेतृत्व से आने वाला वर्ष और भी सफल एवं सशक्त होगा।

संत श्री चिन्मयानंद बापू से कथा सुनने के लिए दूसरे दिन उमड़ी श्रोताओं की भीड़

## श्रीमद् भागवत की यही महिमा है, इसे सुनकर पुण्यात्मा ही नहीं, बल्कि पापियों को भी मिलता है मोक्ष का मार्ग

कार्नर न्यूज

*रायपुर। अवधपुरी मैदान में विश्व कल्याण मिशन रायपुर केन्द्र द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को श्रोताओं की भीड़ रही। इनके बीच संतश्री चिन्मयानंद बापू ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता, वह पुराण है, जिसकी शरण में आने से पुण्यात्मा तो मुक्ति पाता ही है, पापियों को भी मोक्ष का मार्ग मिलता है। भागवत कथा करवाने वाला यजमान अपनी 21 पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करवाता है। कथा में संतश्री ने बताया कि घर का माहौल नारी के व्यवहार पर निर्भर करता है। इसलिए नारी को मृदुभाषी, सहनशील होना चाहिए, उन्हें कलह से बचकर रहना चाहिए। हमें कभी किसी के दुख का मजाक नहीं बनाना चाहिए, पता नहीं कब वही सब हमारे साथ भी घटित हो जाए। अपने मन को हम जिस तरफ केन्द्रित करेंगे, वह उस जगह पहुंच जाएगा। हम शयन कक्ष से भी अगर बांके बिहारी को स्मरण करेंगे तो हम वहां पहुंच जाएंगे। अगर बांके बिहारी के पास जाने के बाद भी अपना ध्यान शयनकक्ष में लगाएंगे तो हम बांके बिहारी से दूर हो जाएंगे।*






### विधर्मियों का भी मुखर होकर करें विरोध

इसके बाद राधे जयश्री राधे...के जयघोष के साथ यदि नाथ का नाम दयानिधि है..., भजन पर श्रोता भावविभोर भी हुए। संगीतमय भजनों में श्रद्धालु झूमते- नाचते नजर आए। यजमान जितेन्द्र अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश मिश्रा, मयंक वैद्य, चन्द्रचूड़ त्रिपाठी, रोहित मिश्रा, आशीष तिवारी, नितिन कुमार झा संयुक्त रूप से व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। इनकी व्यवस्था के तहत 10 हजार से ज्यादा कथा श्रोताओं के लिए भंडारे का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।

### आज की कथा में मिलेंगे इन सवालों के जवाब

प्रथम स्कंध की ओर बढ़ रही कथा में संतश्री ने बताया कि मंगलाचरण अर्थात जिसमें आचरण मंगलमय हो। श्रोताओं के मन में सदैव यह प्रश्न उठता है कि हम किन देवी-देवताओं की पूजा करें? भगवान का अवतार क्यों होता है? धर्म की रक्षा कौन करते हैं? इन सभी प्रश्नों के जवाब शुक्रवार को होने वाली श्रीमद् भागवत कथा में बताया जाएगा। भारत का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है और महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी जैसे राष्ट्र भक्त महापुरुष भी हुए हैं। हमें आक्रांताओं को महान बताने का पाठ पढ़ाया गया है। हिन्दुओं के बलिदानों को विस्मृत किया जा रहा है। इसलिए हिन्दू जागरण के दौर में जागृत हो विधर्मियों द्वारा बहन-बेटियों पर गलत नजर रखने वालों का मुखर होकर विरोध करें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रविवि ने 25 साल बाद ऑल इंडिया फुटबॉल के लिए किया क्वालीफाई



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम ने दक्षिण पूर्व क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने असाधारण प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया है। विश्वविद्यालय की टीम ने 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट' के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

अंतिम मुकाबले में मंगलौर यूनिवर्सिटी को दी मात अपने सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक मैच में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का मुकाबला बेंगलुरु यूनिवर्सिटी से हुआ। इस रोमांचक मैच में रायपुर की टीम ने 5-2 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। मैच के हीरो नितेश लकड़ा और नील भूषण रहे, जिन्होंने 2-2 गोल दागकर टीम की जीत पक्की की। वहीं सौरभ विश्वकर्मा ने 1 गोल कर टीम के स्कोर को 5 तक पहुँचाया। एक अन्य क्वालीफाइंग मैच में टीम ने मंगलौर यूनिवर्सिटी को भी 5-2 से पराजित किया था। पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम ने एक भी मैच नहीं हारा और अपने प्रतिद्वंद्वियों पर पूरी तरह हावी रही। प्रथम मैच में कर्नाटक यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी को 3-1 से मात दी। तृतीय मैच में के.एल.ई. यूनिवर्सिटी बैंगलोर को 2-0 से पराजित किया। चौथे मैच में जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी को 6-0 के विशाल अंतर से हराया। 25 साल बाद मिली इस बड़ी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति, खेल विभाग के प्रमुख, कोच और छात्रों में खुशी की लहर है। इस जीत के साथ ही टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह पक्की कर ली है, जहाँ वे अब छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के मैचों के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

### छत्तीसगढ़ की जीत, यति के 84 और गीत के 64 रन





**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से वुमेंस अंडर-15 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026 का आयोजन 02 जनवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच गुरुवार को इंदौर में पुडुच्चेरी अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 15 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 3 विकेट खोकर 182 रन बनाए। पुडुच्चेरी की शुरुआत अच्छी रही, उनके प्रारंभिक बल्लेबाज हंसिका ने नाबाद 59 रन तथा गौधना ने 45 रन बनाए तथा पहले विकेट के लिये 68 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त शिवानी ने 31 रन तथा अंजुम ने नाबाद 22 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ अंडर-15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा पुडुच्चेरी के बल्लेबाजो को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से श्रिया पांडे, गायत्री बाई तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-15 की टीम ने 23.1 ओवर में केवल 1 विकेट खोकर 184 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा के रखा। यति शर्मा ने 55 गेंदों में 16 चौकों तथा 1 छक्के की मदद से 84 रन बनाए, साथ ही गीत डहरिया ने 65 गेंदों में 8 चौकों तथा 1 छक्के की मदद से 64 रनों का योगदान दिया। पुडुच्चेरी की ओर से अंजुम ने 1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट आज से

**भिलाई।** बीएसपी की इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग द्वारा आयोजित अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10-10 ओवर की खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में 6 अनुभाग की टीम में भाग लेंगे जिन्हें दो पुल में विभाजित किया गया है। पुल ए में एसएमएस-3 वे ब्रिज की संयुक्त टीम, रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 एवं एसएमएस-2 व प्लेट मिल की टीम शामिल है,ग्रुप बी में कोक ओवन एफएमजी, ब्लास्ट फर्नेस ऑल टोस एवं पीबीएस लैब की टीम शामिल है। इससे प्रतियोगिता को सफल बनाने मुख्य संरक्षक बी मधु पिल्ले जी एम इंचार्ज, संरक्षक गौतम कुंडू प्रेसिडेंट, एम डैनी, आशुतोष शुक्ला, अनिल मिश्रा, सचिव राणा प्रताप सिंह उपसचिव अश्विनी कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा और डिप्टी कोषाध्यक्ष ए एस रेड्डी तथा कार्यकारिणी में जमील अहमद एवं टीवीएन राव शामिल है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 9 जनवरी को दोपहर बाद 3:00 बजे किया जाएगा।

---

### स्ट्रेस हार्मोन को नियंत्रित रखना हमारी बड़ी जवाबदारी

# शरीर में स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने का मिल जाता है संकेत जानिए इसके नुकसान और नियंत्रित करने के उपाय

मेडिकल साइंस कहता है, हमारे शरीर में होने वाली सारी गतिविधियों के पीछे किसी न किसी हार्मोन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सोने से लेकर, भूख लगने तक सभी इच्छाएं इन्हीं हार्मोन्स द्वारा संचालित होती हैं। इस दौड़ती-भागती दुनिया में तनाव होना, चिंता बढ़ना या फिर कई अन्य मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे भी एक महत्वपूर्ण हार्मोन काम करता है? अक्सर हम तनाव और चिंता से खुद को ग्रस्त महसूस करते हैं, असल में ये स्थितियां स्ट्रेस हार्मोन के बढ़ने के कारण होती हैं। स्ट्रेस हार्मोन को 'कोर्टिसोल' के नाम से भी जाना जाता है। शरीर में इस हार्मोन का स्तर बढ़ने से हमें अधिक तनाव महसूस हो सकता है, मांसपेशियों में तनाव और हृदय संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोर्टिसोल सिर्फ तनाव को ही नहीं बढ़ाता है, शरीर में इसके कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लंबे समय तक शरीर में कोर्टिसोल का बढ़ा हुआ स्तर कई प्रकार की समस्याओं का कारक हो सकता है, पर कैसे जानें कि आप भी हाई कोर्टिसोल के शिकार हैं? इसके लिए कुछ लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है।



#### क्या कहती हैं विशेषज्ञ?

साइकोलॉजिस्ट कैरोलीन मिडल्सडोर्फ ने सोशल मीडिया पर बताया कि शरीर में स्ट्रेस हार्मोन के बढ़े हुए स्तर के संकेतों की किस प्रकार से पहचान की जा सकती है? मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहती हैं, इस हार्मोन का बढ़ना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों को प्रभावित करने वाला हो सकता है। कोर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है जो एड्रनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपके रक्तप्रवाह में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ने लगता है जिसके कारण कई प्रकार की शारीरिक समस्याएं भी हो सकती हैं।

#### नींद में कमी

हमें कभी-कभी सोने में कठिनाई महसूस हो सकती है। नींद की गुणवत्ता और अवधि में कमी के कारण पूरे दिन शरीर और दिमाग थका हुआ महसूस कर सकता है। पर अगर आपको अक्सर ही नींद न आने की समस्या महसूस होती रहती है तो ये संकेत हो सकता है कि आप अधिक तनाव ले रहे हैं या फिर शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ा हुआ है। नींद न आने की इस दिक्कत के कारण कई प्रकार की और भी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ने लगता है।

#### गड़बड़ हो सकता है पाचन

अक्सर पाचन की समस्याओं को खान-पान में गड़बड़ी से जोड़कर देखा जाता है। पर अगर आप स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन कर रहे हैं फिर भी कब्ज, पेट में दर्द, शौच या पाचन की अन्य समस्याएं बनी रहती हैं तो ये संकेत हो सकता है कि कोर्टिसोल का स्तर बढ़ा हुआ है। इस हार्मोन का बढ़ना आपके भोजन के पाचन और इसके मेटाबॉलिज्म को भी प्रभावित कर सकता है जिसके कारण पेट की विकारों का आपको अनुभव हो सकता है।

#### वजन बढ़ना या कम होना

स्वस्थ आहार और वर्कआउट रूटीन का ध्यान



रखकर आप वजन को कंट्रोल रख सकते हैं। पर अगर आपको कुछ समय से वजन बढ़ने या कम होने जैसी समस्याओं का अनुभव हो रहा है, वजन को नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है या फिर शरीर का वजन घटता-बढ़ता रहता है तो इसे भी कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि से संबंधित समस्या के तौर पर देखा जाता है। ये हार्मोन चूंकि आपके मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करने लगता है इसलिए आपको वजन से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।

---



## इन बैड हैबिट्स के कारण कहीं चली ना जाए आपकी नौकरी

एक अच्छी जॉब मिलने के बाद अगर वह किसी कारणवश चली जाती है तो हमें बेहद दुख होता है। हालांकि, कई बार हमारी बैड हैबिट्स के कारण ही हमें जॉब से हाथ धोना पड़ सकता है। कहते हैं कि दुनिया में कोई भी इंसान परफेक्ट नहीं होता है। हम सभी में बुरी आदतें होती हैं। कभी ना कभी उन बुरी आदतों के कारण हमें नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आपकी बुरी आदतों का असर आपके काम या जॉब पर पड़ने लगे हो। जी हां, कई बार ऐसा भी होता है कि हमारी बुरी आदतों के चलते हमारी जॉब ही चली जाती है। दरअसल, ये बुरी आदतें हमें वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल बना देती हैं। जिससे आपका बैड इंप्रेशन पड़ता है और जब भी मंदी का दौर आता है या फिर कंपनी को आपसे बेहतर दूसरा कोई कैंडीडेट मिलता है तो वे तुरंत आपको फायर कर देते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बैड हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके करियर पर नेगेटिव असर डाल सकती हैं और इससे आपकी जॉब तक जा सकती है-



#### टालमटोल करना

हम सभी किसी न किसी हद तक ऐसा करते ही हैं। कई बार हम अपने काम को लेकर टालमटोल करते हैं। हो सकता है कि आपको सच में कोई समस्या हो और इसलिए आप समय पर अपना काम खत्म ना कर पा रहे हों। लेकिन अगर आप लंबे समय से ऐसा ही कर रहे हैं और इसकी वजह से आपका आउटपुट और परफार्मेंस इफेक्ट हो रहा है तो आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। आपको यह समझना चाहिए कि कंपनी वर्क परफार्मेंस पर ध्यान देती है। अगर आप टारगेट्स को पूरा नहीं कर पा रहे हैं तो वह आपको जॉब से फायर भी कर सकती है।

#### हर वक्त नेगेटिव रहना

हर कंपनी में कोई ना कोई प्रोब्लम जरूर होती है। हो सकता है कि आप शायद अपने ऑफिस के वर्क कल्चर से बहुत अधिक संतुष्ट ना हों या फिर अपने सहकर्मियों को लेकर आपको शिकायत हो। लेकिन ऐसे में हर समय शिकायत करते रहना अच्छा नहीं माना जाता है। जब आप ऑफिस में हर समय नेगेटिव रहते हैं और हर वक्त शिकायत करते रहते हैं। जिससे आपकी प्रोफेशनल इमेज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कई बार इसके कारण आपकी जॉब पर भी खतरा मंडराता है।

#### बहुत अधिक छुट्टियां लेना

अक्सर हम सभी अपने पर्सनल कामों के चलते ऑफिस से छुट्टी लेते हैं। कभी-कभार हम सभी ऐसा करते ही हैं। लेकिन अगर आप बहुत अधिक दिनों तक छुट्टी पर रहते हैं या फिर हर कुछ दिन में छुट्टी पर चले जाते हैं तो इससे ऑफिस का काम इफेक्ट होता है। कई बार आपकी बार-बार अनुपस्थिति के कारण आपकी जॉब भी चली जाती है। इसलिए, आपको बार-बार या फिर बिना बताए छुट्टियां करने से बचना चाहिए।



---

## सस्ते दाम पर खरीदें जंक ज्वेलरी

शॉपिंग करना हर किसी को पसंद होता है। खासकर लड़कियों को वो बिना फेस्टिव या शादी सीजन के भी शॉपिंग कर लेती हैं। उन्हें मार्केट से हर सामान खरीदने में मजा आता है। कई बार ऐसा होता है कि वो खरीदने कुछ और जाती हैं। उसकी जगह पर और भी ढेर सारे सामान ले आती हैं। लेकिन उन सामानों में सबसे ज्यादा होती हैं ज्वेलरी। ऐसे में अगर आप जंक ज्वेलरी का शौक रखती हैं तो इसके लिए दिल्ली की मार्केट को एक्सपलोर कर सकती हैं। यहां पर आपको लेटेस्ट डिजाइन की जंक ज्वेलरी मिल जाएगी। जिसे वियर करके आप फैशन ट्रेंड में कुछ नया एड कर सकती हैं।

दिल्ली की सबसे फेमस मार्केट में से एक है दिल्ली की जनपथ मार्केट। इसमें आपको कम दाम में अच्छे डिजाइन वाली जंक ज्वेलरी मिल जाएगी। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसी वजह से इस मार्केट को घूमने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं और अपने लिए फैशन ट्रेंड के हिसाब से सामान खरीदकर जाते हैं। आप चाहे तो यहां से जंक ज्वेलरी सेट खरीद सकती हैं जिसे आप साड़ी या सूट के साथ वियर कर सकती हैं वरना आपको यहां पर इयररिंग्स के भी बहुत अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। इसके अलावा पायल, बिछिया और रिंग के डिजाइन भी देखने को मिलेंगे। यहां पर इनकी शुरूआत 100 रुपये से होती है और 500 रुपये तक जाती है।

अगर आप वेस्ट दिल्ली की तरफ ट्रेवल कर रही हैं तो वहां की करोल बाग मार्केट को एक्सपलोर कर सकती हैं। इस मार्केट (शॉपिंग करने के लिए टिप्स) में आपको अच्छी जंक ज्वेलरी मिलती है। कहने में तो ये एक्सपेंसिव मार्केट हैं लेकिन फड पर बैठे लोगों के पास आप सस्त दाम में अच्छी ज्वेलरी खरीद सकती हैं, जिसकी शुरूआत 100 से होकर



250 तक जाती है। इनके पास आपको सेट, इयररिंग्स, बैंग्लस और रिंग मिल जाएगी।

डीयू कॉलेज के पास होने की वजह से इस मार्केट में आपको यंग्सटर्स की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिलेंगी। ज्यादातर लड़कियां इस मार्केट से ज्वेलरी खरीदने (ऑनलाइन शॉपिंग करने के टिप्स) ही आती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मार्केट में जंक ज्वेलरी की काफी अच्छी कलेक्शन मिल जाती है। इसमें आपको दुकानों पर भी ये ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। वरना पटरी पर बैठे लोग भी इसे बेचते हुए नजर आ जाएगे। यहां से आप 100 से लेकर 500 रुपये में अच्छी जंक ज्वेलरी ले सकती हैं और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

## सुबह की शुरूआत करें लजीज नाश्ते के साथ



सुबह का वक्त हर किसी के लिए काफी अहम होता है। ऐसा कहा जाता है कि जैसा मूड आपका सुबह के वक्त होता है, उसी पर आपका पूरा दिन निर्भर करता है। ऐसे में लोग सुबह के वक्त अच्छी आदतों को फॉलो करते हैं। बात करें सुबह के नाश्ते की तो ये कहा जाता है कि सुबह के वक्त अच्छे से नाश्ता करना चाहिए। इससे ना सिर्फ दिन भर पेट भरा रहता है, साथ ही में शरीर स्वस्थ भी रहता है लेकिन स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या किसी अन्य काम पर जाने वालों के पास इतना समय नहीं होता कि वो अच्छे से नाश्ता कर पाएं। ऐसे में लोगों को हेल्दी नाश्ता करने की सलाह दी जाती है। अक्सर लोगों को ये समझ नहीं आता कि वो नाश्ते में ऐसा क्या बनाएं, जो जल्दी बन भी जाए और हेल्दी भी हो। ऐसे में आज के लेख में हम आपको नाश्ते के कुछ ऐसे ही विकल्प बताने जा रहे हैं, जो आपके लिए काफी सही साबित हो सकते हैं।

**पोहा:** ये एक ऐसा विकल्प है, जिसे बनाना बेहद आसान है। नमकीन डालकर आप पोहा खा सकते हैं। अगर आपको सादा पोहा पसंद है तो ये भी एक बेहतर विकल्प है। बच्चों से लेकर बड़ों तक को ये पसंद आता है।


**मूंग दाल का चीला:** आप अपनी पसंदीदा मसालों और सब्जियों के साथ कम समय में मूंग दाल का चीला आसानी से तैयार कर सकते हैं। हरे धनिए की चटनी के साथ ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है।

**डोसा:** साउथ इंडिया के साथ-साथ पूरे देश में डोसा काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। ये नारियल की चटनी के साथ नाश्ते में परोसा जाता है। डोसा बेहद कम तेल में बनता है, ऐसे में ये एक हेल्दी विकल्प है।

---

## अब गेंहू और चावल ही नहीं वैकल्पिक अनाज भी बन रहे हैं तंदरुस्ती का सबब

गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। हेल्दी रहने के लिए आजकल लोग फैंसी डाइट ट्रेंड्स को फॉलो करने लगे हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने का राज खान-पान की पुरानी पध्दति में भी छिपा है। अनाज हमारी डाइट का अहम हिस्सा है और शरीर को ताकत देने के साथ बॉडी की न्यूट्रिशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए कई अनाज हमारे के लिए जरूरी हैं। गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही अनाजों के बारे में बता रहे हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं और जिन्हें 2024 में आपको डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स डूम्सडे' का टीजर जारी, एक्स-मेन की हुई एंट्री



मार्वल स्टूडियोज ने 'एवेंजर्स डूम्सडे' का एक नया एक मिनट का टीजर जारी किया है। इसमें चार्ल्स जेवियर (पैट्रिक स्टीवर्ट) और उनके पुराने दुश्मन मैग्नेटो (इयान मैकेलेन) शतरंज खेलते हुए फिर से मिलते दिखाई देते हैं। मैग्नेटो अपनी गहरी आवाज में कहते हैं, 'मौत सबके लिए आती है। यह एक ऐसी चीज है जो मुझे पक्के तौर पर पता है। सवाल यह नहीं है कि 'क्या आप मरने के लिए तैयार हैं?' सवाल यह है कि 'जब आप आंखें बंद करेंगे, तो आप कौन होंगे?' इसके बाद जेम्स मार्सडेन का साइक्लोप्स अपना विजर हटाते हुए दिखता है और अपनी आंखों से लाल किरणें छोड़ता है। ये तीनों कलाकार साल 2000 की फिल्म 'एक्स-मेन' से साथ आए थे। यह 'एवेंजर्स डूम्सडे' का चौथा टीजर है, जो एक्स-मेन थीम पर बना है। इससे पहले के टीजर में क्रिस हेम्सवर्थ थोर के रूप में और क्रिस इवांस स्टीव रोजर्स के रूप में दिखे थे। यह टीजर सिनेमाघरों में 'अवतारः फायर एंड ऐश' फिल्म के साथ दिखाए जा रहे हैं। 'एवेंजर्स डूम्सडे'' 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। यह क्रिसमस की बड़ी फिल्म होगी।

### टॉलीवुड

## सामंथा की नई तेलुगु फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज, एक्शन अंदाज में दिखीं



साउथ एक्ट्रेस सामंथा ने 'सिटाडेल हनी बनी' और 'फैमिली मैन 2' जैसी एक्शन सीरीज कीं। अब एक तेलुगु फिल्म में उनका एक्शन अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया है। साउथ एक्ट्रेस सामंथा की आने वाली तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' है। इस फिल्म को उनके पति और प्रोड्यूसर राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म की निर्देशक नंदिनी रेड्डी हैं। सामंथा की इस फिल्म का पहला पोस्टर लुक अभ सामने आया है। तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर में सामंथा ने साड़ी पहनी है। उनका किरदार गुस्से में नजर आ रहा है। वह बिल्कुल एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के इस लुक पर उनके फैंस ने भी रिएक्शन दिया और उनको सराहा है। फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर रिलीज के साथ ही मेकर्स ने इसके टीजर, ट्रेलर की तारीख भी शेयर की है। इस फिल्म का टीजर दर्शकों को 9 जनवरी को देखने को मिलेगा। इसके रिलीज का समय भी बताया गया है। 9 जनवरी को सुबह दस बजे फिल्म 'मां इनति बंगारम' का टीजर सामंथा के फैंस देख पाएंगे। सिटाडेल हनी बनी' और 'फैमिली मैन 2' जैसी हिट वेब सीरीज करने के बाद सामंथा एक और वेब सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इस वेब सीरीज को भी राज निदिमोरु प्रोड्यूस कर रहे हैं। सीरीज का नाम 'रक्त ब्रह्मांड' है। यह एक एक्शन सीरीज होगी।

### बॉलीवुड

## भिलाई के शिराज की थ्रिलर मूवी 'द एम्प्टी रूम' से वापसी कर रहे 'जूली' फेम विक्रम




एक दौर में फिल्म ₹जूली₹ से चर्चा में रहे वरिष्ठ अभिनेता विक्रम मकंदर जल्द ही शिराज हेनरी निर्देशित थ्रिलर ड्रामा 'द एम्प्टी रूम' के साथ स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। विक्रम को ₹जूली₹ में आइकॉनिक रोल और सदाबहार क्लासिक ₹दिल क्या करे₹ के लिए सबसे ज़्यादा याद किया जाता है। निर्देशक शिराज हेनरी भिलाई निवासी हैं और विगत तीन दशक से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। शिराज हेनरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'द एम्प्टी रूम' 90 मिनट की एज़-ऑफ-द-सीट थ्रिलर है जो ज़बरदस्त कहानी और हाई इमोशनल इंटेंसिटी का वादा करती है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और इसे खास तौर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए बनाया जा रहा है। शिराज हेनरी ने बताया कि इस फिल्म के वर्ल्डवाइड डिजिटल प्रीमियर की योजना है। इस प्रोजेक्ट में एक खास म्यूजिकल फ्लेवर जोड़ते हुए, फिल्म का टाइटल ट्रैक नागालैंड के एक टैलेंटेड कलाकार एन.के. नागा गाएंगे, , जो फिल्म में एक ताज़ा और अनोखी आवाज़ ला रहे हैं। यह प्रोजेक्ट कंटेंट किंग्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है और रेबेका चांगकिजा सेमा द्वारा निर्मित है। गौरतलब है कि कंटेंट किंग्स डिजिटल फिल्म मेकिंग में एक दमदार ताकत के रूप में उभरा है, जिसने पिछले दो सालों में 15 से ज़्यादा फिल्में बनाई और शूट की हैं। कंपनी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए 101 फिल्में बनाने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसमें अपने कंटेंट का स्थायी मालिकाना हक बनाए रखते हुए नॉन-एक्सक्लूसिव राइट्स बेचने का एक स्ट्रेटेजिक मॉडल अपनाया गया है। एक ज़बरदस्त कास्ट, एक अनुभवी डायरेक्टर और एक मज़बूत डिजिटल-फर्स्ट विज़न के साथ, 'द एम्प्टी रूम' हाई-क्वालिटी डिजिटल थ्रिलर की बढ़ती दुनिया में एक खास जगह बनाने के लिए तैयार है।




जाने माने डिजाइनर मैथ्यू ब्लेज़ी के डेब्यू कलेक्शन के अनुसार, 2026 के फैशन में कमर का साइज़ कम हो जाएगा, खासकर ढीले और स्लिंकी कपड़े लोग पसंद करेंगे। मैथ्यू का मानना है कि क्लासिक शर्टिंग इंडस्ट्री पर अपनी पकड़ बनाए रखेगी और स्कर्ट सूट वार्डरोब में अपनी जगह बना लेंगे। हालांकि अब 2026 शुरू हो चुका है और माना जा रहा है कि फैशन तो बदलेगा साथ ही स्टाइल और भी बदलेगी।

## अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू, जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स



अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हैं जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें। इससे आपका सिर पर पल्लू आसानी से टिक जाएगा साथ ही आपको बार-बार की के समय परेशान होने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।

### इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपकी साड़ी पतले कपड़े में है तो आप पल्लू सेट करने के लिए (फैशन हैक्स) इनविजिबल पिन का इस्तेमाल करें। इस बात का ध्यान रखें की जिस पिन से आप पल्लू सेट कर रही हैं वो साड़ी को खराब न करें। पल्ला थोड़ा लंबा लें ताकि सिर पर सेट करने में कोई दिक्कत न हो। कभी भी हैवी बॉर्डर वाली साड़ी न लें वरना पल्ला सेट होने में दिक्कत होगी।इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आप अपने पल्ले को अच्छे से सेट कर पाएंगी साथ ही आपके काम भी आसानी से हो जाएंगे।

## डेनिम जैकेट में दिखना है बेहद स्टाइलिश, तो फॉलों करें ये टिप्स





बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।

### साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट



साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट

अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

### जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेट

अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर सकतीं है।

## मिनटों में साफ करें पैरों का कालापन, जानिए तरीका



पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नींबू के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल



'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।

### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

कार्नर न्यूज

### मेकअप आर्टिस्ट का ऑप्शन चुनना बेहतर करियर की गारंटी

## मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले कर लें अच्छी तरह पड़ताल, आखिर मामला है आपके भविष्य का

आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है।

अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। एक मेकअप आर्टिस्ट को भी कई तरह के चैलेंजेस का सामना करना पड़ता है। एक अच्छा मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए भी बहुत अधिक मेहनत, लग्न व क्रिएटिविटी की जरूरत होती है। इस फील्ड से जुड़ी



ऐसी कई बातें होती हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोगों को पता ही नहीं होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही बातों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको मेकअप आर्टिस्ट बनने से पहले जरूर जानना चाहिए-

### करनी पड़ती है रिसर्चिंग

एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।

### छुट्टियों का दिन तय नहीं

अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

